● जयपुर, मंगलवार, 21 मई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 264 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सीकर जिले के...

पेज @4 मैं नरेंद्र मोदी से डिबेट करने के तैयार लेकिन वो...

पेज @8 पेंसिल से कुछ ही घंटों में चेहरे गढने में माहिर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी...

# तेज रफ्तार पिकअप पलटी, 14 महिलाओं सहित 18 मजदूरों की मौत

**कवर्धा/एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के कवर्धा से दर्दनाक खबर है. यहां तेज रफ्तार पिकअप वाहन पलट गया है. इस हादसे में 18 मजूदरों की मौत हो गई है. मृतकों में 14 महिलाएं शामिल हैं. हादसे में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब पिकअप वाहन तेज रफ्तार में मजदूरों को लेकर जंगल से वापस लौट रहा था. इस दौरान ढाल पर ड्राइवर ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और वह पलट गई. उस वक्त गाड़ी में 25 लोग सवार थे. हादसा होते ही इलाके में चीख-पुकार मच गई. इस हादसे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित कई नेताओं ने दुख जताया है. जानकारी के मुताबिक, यह खौफनाक हादसा कुकदुर थाना इलाके के बाह पानी गांव में हुआ. सभी मजदूर जंगल से तेंदू पत्ता तोड़कर लौट रहे थे.

इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख जताया. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास पिकअप पलटने से 18 ग्रामीणों के निधन एवं 7 के घायल होने का दुःखद समाचार प्राप्त हो रहा है. घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए हैं. ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूं. घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं.' उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी सोशल मीडिया पर दुख व्यक्त किया. उन्होंने लिखा, 'कवर्धा जिले से अत्यंत पीड़ादायक दुर्घटना की जानकारी मिली है. कवर्धा जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र में पिकअप वाहन पलटने से 18 लोगों के मृत होने की सूचना प्राप्त हुई है. सभी तेंदूपत्ता तोड़कर जंगल से घर वापस लौट रहे थे. दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं.'

CG09JD5670

## पीड़ितों के परिजनों के साथ खड़ी है सरकार- डिप्टी सीएम शर्मा

» उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'कवर्धा में मजदूरों से भरी पिकअप वाहन पलटने से 18 लोगों के निधन की खबर अत्यंत पीड़ादायक है. मेरी शोक–संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपनों को खोया है. इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं. राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है.'

**न्यूज़ अपडेट**

## युवक के खाते में आए 99 अरब, 99 करोड़ से ज्यादा, खाताधारक के साथ उड़े बैंक मैनेजर के होश

**भदोही/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले से एक ऐसी खबर आई जिसने सभी को हैरान कर दिया। यहां के सुरियावां थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी एक युवक के खाते में 99 अरब से ज्यादा धनराशि आ गई। इसकी जानकारी होते ही खाता धारक के साथ-साथ बैंक मैनेजर के भी होश उड़ गए। मैनेजर के मुताबिक भानु प्रकाश के केसीसी खाते में बकाये के कारण ऐसा हुआ है और फिलहाल खाते को होल्ड कर दिया गया है। जब से यह समाचार आया है तभी से अर्जुनपुर गांव के साथ-साथ पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है। दुर्गागंज के अर्जुनपुर गांव निवासी भानुप्रकाश बिंद का सुरियावां के बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण बैंक में खाता है। 16 मई बृहस्पतिवार को अचानक उनके खाते में 99999495999.99 रुपये (99 अरब 99 करोड़ 94 लाख 95 हजार 999 रुपये) धनराशि दिखने लगी। खाते में अचानक आई इतनी बड़ी धनराशि को देखकर बैंक कर्मी भौचक्के रह गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना खाता धारक भानुप्रकाश बिंद को दी। सूचना मिलते ही वे भागे-दौड़े बैंक पहुंचे जहां इतनी बड़ी धनराशि अपने खाते में देख खाताधारक भानुप्रकाश के होश उड़ गए। प्रभारी बैंक मैनेजर आशीष तिवारी ने बताया कि खाताधारक भानु प्रताप का केसीसी खाता था और खाते के माध्यम से इन्होंने खेत पर लोन ले रखा था। खाता एनपीए हो जाने के बाद इस तरह की गलत राशि दिख रही और खाते को होल्ड कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन अकाउंट के नॉन परफॉरमिंग ऐसेट (एनपीए) हो जाने के बाद एक सॉफ्टवेयर ग्लिच के कारण माइनस का निशान ना लग पाने के कारण इतनी बड़ी रकम अकाउंट में दिख रही थी।

## ईडी ने की सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली/एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को यहां एक विशेष अदालत से दो जून को सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम जमानत आदेश की समाप्ति पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ाने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीएम केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था और उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड को चुनौती देने वाली सीएम केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसमें कहा गया है कि इस तथ्य के बावजूद कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है, वह नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट से संपर्क कर सकते हैं।

सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि उसके आदेश में सीएम केजरीवाल की रिहाई और आत्मसमर्पण की समयसीमा तय है।

# 'पूरा देश बंगाल को लेकर चिंतित है': पीएम मोदी

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल में दो जगहों पर रैलियों को संबोधित किया। उन्हें दोपहर 3 बजे से तामलुक में जनसभा करनी थी। लेकिन, वहां मौसम ठीक नहीं होने के कारण उनका हेलीकॉप्टर नहीं लैंड कर पाया। ऐसे में उन्होंने शाम साढ़े चार बजे के करीब झारग्राम में सभा की। तकनीक की मदद से उन्होंने एक साथ दो जनसभाओं को संबोधित किया। वह मौजूद झारग्राम में थे, लेकिन स्क्रीन के जरिए तामलुक में भी लोग उन्हें देख और सुन पा रहे थे। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में ही इस बारे में जानकारी दी।

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के झारग्राम में चुनावी सभा में विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। वह यहां बीजेपी उम्मीदवार प्रनत टुडू के लिए प्रचार करने पहुंचे। इसी सीट से बीजेपी ने निवर्तमान सांसद कुंअर हेम्ब्रम को टिकट नहीं दिया है और वह टीएमसी में शामिल हो चुके हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है और टीएमसी ऐसा जहाज है, जिसमें छेद हो चुका है। ऐसे में ये दोनों कितनी ही एक दूसरे की सवारी कर लें। उनका डूबना तय है। उन्होंने कहा कि पहले टीएमसी और कांग्रेस पहले एक-दूसरे को गाली देते थे, लेकिन हार को सामने देखकर साथ आ गए हैं। अब बीजेपी को गाली दे रहे हैं, लेकिन इनकी हार तय है। उन्होंने उज्जवला योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसके जरिए माताओं बहनों को धुएं से राहत मिली। यह सब आपके एक वोट ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में बीजेपी सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड पेश कर रही है और टीएमसी के पास रेट कार्ड है। पीएम मोदी ने कहा ''टीएमसी का रेट कार्ड लगा है कि पैसा दो और नौकरी लो। इन्होंने शिक्षा के मंदिरों को भी नहीं छोड़ा। टीएमसी के मंत्रियों ने नौकरियां बेचीं। इन्होंने देश का भविष्य दांव पर लगा दिया। आप जानते हैं कि यह घोटाले किसकी शह पर हो रहे हैं। कौन सीबीआई को काम नहीं करने दे रहा। टीएमसी से बंगाल को खतरा है। पूरा देश बंगाल को लेकर चिंतित है। यहां आए दिन हिंसा होती है। बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या होती है। यहां दंगे आम हो गए हैं। आदिवासी भाई बहनों की पहचान खत्म हो रही है, लेकिन टीएमसी को अपने वोटबैंक की चिंता है। ये लोग घुसपैठियों को बुलाकर बसा रहे हैं।''

## बीजद सरकार ने ओडिशा को बर्बाद किया : मोदी

**कटक/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ओडिशा में नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजू जनता दल (बीजद) सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि माफिया राज और भ्रष्टाचार ने प्रदेश को बर्बाद कर दिया।

मोदी ने ओडिशा में अपने तीसरे दौर के चुनाव प्रचार के दौरान कटक के प्रसिद्ध बाली यात्रा मैदान में विजय संकल्प समावेश को संबोधित करते हुए कहा कि अपने 25 साल के शासन के दौरान बीजद ने केवल कोयला माफिया, रेत माफिया और खनन माफिया को बढ़ावा दिया है, जिससे राज्य की बर्बादी हुई है। उन्होंने लोगों से राज्य के विकास के लिए धीमी गति से चलने वाली बीजद सरकार को त्यागने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेज गति वाली डबल इंजन सरकार को चुनने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने बीजद सरकार पर चिटफंड घोटाले के जरिए प्रदेश के गरीब लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया, जहां चिटफंड कंपनियों ने निवेशकों से करोड़ों रुपये लूटे। उन्होंने कहा कि बीजद के मंत्रियों और विधायकों के लगातार भ्रष्टाचार में लगे रहने के कारण लोगों में आक्रोश है।

**लोकसभा चुनाव 2024 :**

## पांचवें चरण में 56.68 प्रतिशत मतदान दर्ज

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान शुरू हो गया है। पांचवें चरण में 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 49 संसदीय क्षेत्रों में मतदान हो रहा है।शाम 5 बजे तक 49 संसदीय क्षेत्रों में 56.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। सबसे अधिक पश्चिम बंगाल में 73.00 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ।

8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में कितना मतदान हुआ,यहां देखे -:

| | |
|---|---|
| बिहार | -52.35 प्रतिशत |
| जम्मू और कश्मीर | -54.21 प्रतिशत |
| झारखंड | -61.90 प्रतिशत |
| लद्दाख | -67.15 प्रतिशत |
| महाराष्ट्र | -48.66 प्रतिशत |
| ओडिशा | -60.55 प्रतिशत |
| पश्चिम बंगाल | -73.00 प्रतिशत |
| उत्तर प्रदेश | -55.80 प्रतिशत |

पांचवें चरण में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, स्मृति ईरानी समेत कई महत्वपूर्ण नेता व केंद्रीय मंत्री चुनाव लड़ रहे हैं।राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश की लखनऊ लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं। राहुल गांधी इस बार रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। स्मृति ईरानी अमेठी से मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस के केएल शर्मा हैं। वहीं मुंबई से पीयूष गोयल चुनाव लड़ रहे हैं।

5वें चरण में जिन 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान हो रहा है उनमें बिहार, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इस चरण में मुंबई, ठाणे, लखनऊ जैसे नगरों में मतदान हो रहा है।

# देश में चल रही इंडिया गठबंधन की प्रचंड लहर: जयराम रमेश

## यूपीए की तरह ही 20 साल बाद इंडिया गठबंधन बनाने जा रहा सरकार

**सिरसा/एजेंसी**

-वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की प्रचंड लहर चल रही है। 2004 की तरह ही 20 साल बाद 2024 में इतिहास दोहराने जा रहा है। यूपीए की तरह ही 20 साल बाद इंडिया गठबंधन केंद्र में सरकार बनाने जा रहा है। हरियाणा में भी लोकसभा की सभी दस सीटें इंडिया गठबंधन जीतने जा रहा है। यह बातें कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने आज यहाँ पत्रकारों से बातचीत में कहीं। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ. विनीत पुनिया व सिरसा लोकसभा के मीडिया कोर्डीनेटर मुकेश सैनी भी मौजूद थे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि देश की जनता को पता चल गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठ की महामारी

फैला रहे हैं। हर दिन प्रधानमंत्री मोदी अपना पुराना बयान बदल देते हैं। प्रधानमंत्री पर कोई विश्वास नहीं कर सकता, वह कभी गलती से भी सच नहीं बोल सकते। कांग्रेस नेता ने कहा कि 2004 में एनडीए को हराकर यूपीए ने सरकार बनाई थी। उस समय किसी को उम्मीद नहीं थी कि यूपीए गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। आज 20 साल बाद इतिहास दोहराने जा रहा है। बीते चार चरणों और आज पांचवें चरण के कुल 428 लोकसभा सीटों के चुनाव से यह साफ हो चुका है कि इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में प्रचंड लहर चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ देश के सभी वर्गों में भारी नाराजगी है। चार जून को केंद्र में इंडिया गठबंधन को स्पष्ट जनादेश मिलने जा रहा है। जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा-आरएसएस आरक्षण के खिलाफ हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुराना लेख बताता है कि वह आरक्षण के खिलाफ हैं। योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि हम आरक्षण के खिलाफ हैं, हमें अंबेडकरवादी नहीं, मनुवादी संविधान चाहिए। कांग्रेस नेता ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस घोषणा पत्र के वादे गिनाते हुए कहा कि चार जून को केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर हिंदुस्तान के किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी।

# अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इस्लामिक स्टेट के 4 आतंकी पकड़े गए

**अमहादाबाद/एजेंसी**

गुजरात के अहमदाबाद में इस्लामिक स्टेट के 4 आतंकी पकड़े गए हैं. गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से चारों आतंकियों को गिरफ्तार किया है. अभी तक इन आतंकियों की पहचान उजागर नहीं हुई है. हालांकि, सूत्रों का कहना है कि ये चारों आतंकी इस्लामिक स्टेट से जुड़े हैं और इनका श्रीलंका कनेक्शन भी सामने आया है. जानकारी के मुताबिक, इन चारों आतंकियों के अहमदाबाद आने का इनपुट मिला था. केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात एटीएस के साथ इस इनपुट को शेयर किया था कि इस्लामिक स्टेट से जुड़े ये आतंकी एयरपोर्ट पर आए हैं. ये सभी आतंकी श्रीलंका के बताए जा रहे हैं.

सूत्रों की मानें तो फिलहाल गुजरात एटीएस चारों आतंकियों को अज्ञात स्थान पर ले गई है और पूछताछ शुरू कर दी है. आतंकी किस इरादे से अहमदाबाद एयरपोर्ट पर आये थे, इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है. सूत्रों ने यह भी कहा कि इनके पास से जो टिकट मिले हैं, उसके आधार पर ये चेन्नई से आए हैं. इस्लामिक स्टेट के ये आतंकी कोलंबो से तमिलनाडु और तमिलनाडु से अहमदाबाद आए हैं. इन चारों आतंकियों को हैंडल एक गाइड कर रहा था.

# स्वाति मालीवाल को साइड लाइन करना चाहते हैं केजरीवाल?

हाल ही में देश में स्वाति मालीवाल के मामले ने तूल पकड़ा हुआ है। एफआईआर होने के बाद पुलिस भी एक्शन में हैं। इस मामले में देशभर में राजनीति हो रही है। हर कोई अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगा हुआ है लेकिन इस पूरे प्रकरण में केजरीवाल की नीति और नियत का खुलासा हो गया। आज स्वाति मालीवाल जिस स्तर पर है उनसे आम आदमी पार्टी क्या, कोई भी इस तरह की बदतमीजी नहीं कर सकता। पूर्व में महिला आयोग की अध्यक्ष व हाल ही में राज्यसभा सदस्य और एक निचले क्रम का कर्मचारी जो मात्र केजरीवाल का पीए है वो यदि ऐसा कर रहा है तो दाल में कुछ काला जरूर है। ऊपरी तौर पर मामला जितना साधारण लग रहा है उतना है नहीं। क्या स्वाति के साथ बदतमीजी हुई है या करवाई गई है। यह सवाल सबसे अहम है। चूंकि स्वाति केजरीवाल के साथ एनजीओ के दौर से जुड़ी हुई हैं और पार्टी के फाउंडर मेंबर के तौर पर जानी जाती हैं। इससे यह तो तय हो जाता है कि पार्टी में उनका कद निश्चित तौर पर बहुत बड़ा है और यदि बावजूद ऐसा हो रहा है तो आंतरिक तौर पर खेल बहुत बड़ा है। मगर केजरीवाल ने अभी तक अपने पीए बिभव कुमार पर कोई भी कार्रवाई नहीं की।

होना यह चाहिए था कि केजरीवाल बिभव को फिलहाल अपने साथ न रखते और जब मामला पूर्ण रूप से स्पष्ट हो जातो तो उस स्थिति के हिसाब से निर्णय लेते। केजरीवाल के मुख्य सिपहसलारों में से एक स्वाति के साथ ऐसी घटना घटी है और वह बिल्कुल मौन हैं। किसी प्रकार कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके अलावा केजरीवाल की पत्नी जिनकी सक्रियता इस बार राजनीति में बहुत बढ़ी है और वह स्वयं भी एक महिला हैं और इस मामले पर किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया न देना बहुत कुछ बताने के लिए काफी है। केजरीवाल तो जरा से घटनाक्रम पर ही पोस्टर लगवा देते हैं और भारतीय राजनीति में उनसे ज्यादा हल्ला मचाने वाला नेता आज तक पैदा नहीं हुआ। बावजूद इसके जो मामला उनके घर में हुआ है वो भी इतना बड़ा है, बावजूद इसके कुछ नहीं बोला जा रहा। वो चुप हैं लेकिन जनता भलीभांति सब समझ रही है। सांसद या महिला विशेष को छोड़िये,एक दोस्त का दूसरे दोस्त के यहां इस तरह का बर्ताव हुआ है, वरना एक पीए क्या केजरीवाल के इतने करीबी से कुछ बोल भी जाए ऐसा संभव नही हैं। सवाल कई हैं लेकिन यदि इसके पीछे कोई साजिश हुई तो केजरीवाल के बाकी साथियों को भी सतर्क रहने की जरूरत है, चूंकि वह कब किसको ठिकाने लगा दें कुछ नहीं पता। इतिहास में उनके इस तरह के कई उदाहरण हैं। आम आदमी पार्टी की शीर्ष नेता आतिशी ने कहा कि मालीवाल को भाजपा ने इस साजिश का चेहरा बनाया है। यह भी कहा कि यह भाजपा का एक पैटर्न है। पहले वे मामले दर्ज कराते हैं और फिर नेताओं को जेल भेजने की धमकी देते हैं। स्वाति मालीवाल भ्रष्टाचार निरोधक शाखा द्वारा दर्ज अवैध भर्ती मामले में आरोपों का सामना कर रही हैं।

मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और इस स्थिति में उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। आतिशी ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा ने मालीवाल को ब्लैकमेल किया और उन्हें इस साजिश का चेहरा बनाया। आतिशी ने दिल्ली पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। लेकिन आतिशी को यह पता होना चाहिए कि स्वाति की मेडिकल रिपोर्ट में उनकी आंख, चेहरे और पैर में चोट की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में साफ है कि उनके बाएं पैर में चोट आई है। दाहिनी आंख के नीचे भी चोट के निशान मिले हैं। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक मालीवाल के शरीर में कुल चार जगह चोट के निशान मिले हैं। किसी भी घटना को कोई तो सिर-पैर होता है। यहां तो पूरा धड़ सामने आ रहा है। जो भी हो यदि इसमें केजरीवाल की कोई साजिश हुई तो यह आम आदमी पार्टी को बहुत भारी पड़ सकता है। इस घटना के बाद स्वाति पार्टी का हिस्सा रहेंगी या नहीं यह तो आने वाला समय बताएगा लेकिन यदि वह नहीं रहीं और बागी हो गईं तो वह पार्टी का सारा खेल बदल सकती हैं। चूंकि वह सब कुछ जानती है और अपना सगा जब बागी होता है तो वह दुश्मन से ज्यादा नुकसान करता है। बार-बार नए वीडियो आने से कहानी बार-बार बदलती नजर आ रही है लेकिन पुलिस की सक्रियता के बाद जल्द ही बहुत कुछ स्पष्ट हो जाएगा। लोकसभा चुनाव के बीच हुई इस घटना ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है और इससे आम आदमी पार्टी को बहुत नुकसान हो सकता है। बहरहाल, नुकसान छोटा होगा या बड़ा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन जो घटना घटी है उससे एक बार फिर महिला सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

---

# सामाजिक एकजुटता से होगा आतंकवाद का खात्मा

**डॉ. रमेश ठाकुर**

21 मई की तारीख आतंकवाद को खत्म करने और शांति-सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालती है। देशवासी हमेशा से महसूस करते आए हैं कि कैलेंडर में टंगी 21 मई की तारीख प्रत्येक भारतीयों के लिए सदैव मनहूस ही रहेगी, क्योंकि ये वही डेट है जिसने भारत के 6वें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मौत मुकर्रर की थी। आज उनकी पुण्यतिथि भी है। राजीव की हत्या के बाद ही सालाना 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' को मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा हुई। राजीव गांधी की 21 मई 1991 को मद्रास के पास एक गांव श्रीपेरंबुदूर में 'लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम' की महिला सदस्य ने मानव बम बनकर हत्या कर दी थी। तब, केंद्र में आई अगली वीपी सिंह सरकार ने इस दिन को 'आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में दर्ज करवाया। 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी' दिवस स्मरण, चिंतन और कार्रवाई का दिन है। ये सच है, आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, वह केवल विनाश की भाषा समझते हैं। बेकसूर लोगों का सिर्फ लहू ही पीना जानते हैं। केंद्र व राज्य सरकारें डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवाद से बचाव और उनके मंसूबों को परखने के लिए समय-समय पर विभिन्न तरह के संदेशों का प्रचार-प्रसार करती रहती हैं। निश्चित रूप से राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। क्योंकि ये देशवासियों को अपने दैनिक जीवन में सतर्कता बरतने और सावधान रहने को आग्रह करता है। साथ ही अपने मतभेदों को दूर करने और सौहार्दपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व के लिए प्रोत्साहित कर अमन-शांति को बढ़ावा देने का भी प्रयास करता है। इसके अलावा ये दिन हमें ये भी अहसास कराता है कि आज के वक्त में समाज को शांतिपूर्ण बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है। आतंकवाद विरोधी दिवस देशवासियों को आतंक के खतरनाक प्रभावों के संबंध में

तसल्ली से जागरूकता पैदा करता है। भारत का गुजरा समय कुछ ऐसा था। जब देशवासी अपने भीतरी 'लिट्टे नामक आतंकवाद' का दंश झेल रहे थे। जो चारों ओर खूनी कहर बरपा रहा था। गनीमत ये थी उसका प्रभाव दक्षिण राज्यों में ही ज्यादा रहा। कहने को, ये उग्रवादी अलगाववादी समूह श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में तमिलों के लिए एक स्वतंत्र मातृभूमि के लिए लड़ रहा था। लेकिन उनकी हरकतें कहीं से भी मातृभूमि के लिए लड़ने वाली नहीं लगती थीं। क्योंकि ये संगठन अपने ही सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार रहा था। राजीव गांधी की हत्या भी बड़ी साजिश का हिस्सा थी। तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में चुनावी रैली के दौरान उन्हें निशाना बनाया गया। महिला हमलावर ने बकायदा राजीव के पास आकर उनके पैर छुए और मानवबम का बटन दबाकर विस्फोट कर उन्हें उड़ा दिया। उस दर्दनाक घटना ने समूचे हिंदुस्तान को झकझोर दिया था। पर, उसके बाद यहीं से आतंकवाद को खत्म करने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों ने कमर कसी, कई ऑपरेशन चलाए, जिसका नतीजा ये हुआ, कुछ वर्षों के भीतर लिट्टे का नाम पूरी तरह से नेस्तनाबूद हो गया। आज का दिन जनमानस को आतंकवाद जैसे असामाजिक कृत्य के प्रति न सिर्फ जागरूक करता है, बल्कि राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा देना, आतंकवाद को कम करने और सभी जातियों, पंथों और लिंग के लोगों को एकजुट करने का संबल भी प्रदान करता है। 80-90 के दशक में समूचा भारत आतंकवाद से बुरी तरह प्रभावित था। लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ा, हालात तेजी से सुधरे? अंदरुनी स्तर पर नक्सलवाद के चलते अब भी भारत के कुछ जंगली क्षेत्रों में निम्न-स्तरीय संघर्ष है। पर, अधिकांश आबादी अब तकरीबन आतंकवाद से मुक्त है। बाहरी आतंक से भी आजादी मिल चुकी है। पहले के मुकाबले जम्मू-कश्मीर के हालात भी अब ठीक हैं। सुधरते हालातों की ही सुखद तस्वीर है कि लाल चौक पर तिरंगा लहरा रहा है। वैश्विक स्तर पर देखें तो, 2022 से आतंकवाद से होने वाली मौतें में 79 फीसदी की गिरावट आई है। घाटी में लगातार होते हमलों में भी 90 फीसदी की कमी है। आतंकवाद पोषित देश पाकिस्तान अगर अपनी हरकतों से तौबा कर लें, तो ये आंकड़ा सौ फीसदी हो जाएगा। लेकिन, पाकिस्तान भला कहां सुधरने वाला, अपनी हरकतों से वह बाज नहीं आएगा। इस दिवस को मनाए जाने के मकसद की जहां तक बात है, तो आतंकवाद और हिंसा के खतरों पर स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में बहस या चर्चा आयोजित करके युवाओं को उल्लिखित उद्देश्यों से अवगत करवाया जाता है। आतंकवाद के दुष्प्रभावों और उसके परिणामों को उजागर करने के लिए जन शिक्षा कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार लोगों को आतंकवाद के प्रभावों से अवगत कराने के लिए रैलियां और परेड भी निकालती हैं। हालांकि, इस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, तो इस साल रैलियां आयोजित नहीं होंगी। आतंकवादी अपने संगठनों में युवाओं को बहला फुसलाकर शामिल करते हैं। युवा उनके चंगुल में न फंसें, इसको लेकर भी सरकारें विभिन्न तरह से जागरूक करती हैं। युवा आतंकियों के बहकावे में न आएं, ये चुनौतियों हुकूमतों के समझ हमेशा से रही हैं। जम्मू में एक वक्त आतंकी संगठनों द्वारा लालच देकर नौजवान युवाओं को सेना के जवानों पर पत्थर फेंकने पर उकसाया जाता था। पर, अब वहां के युवा भी आतंकियों का खेल समझ चुके हैं। पत्थरबाजी की घटनाओं पर अब वहां अंकुश लग चुका है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

---

# इब्राहिम रईसी के जाने से उभरे कई सवाल



**डॉ. प्रभात ओझा**

हेलिकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुलाहियन सहित अन्य सभी लोगों की मौत हो गई। आधिकारिक घोषणा से पहले इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की वेबसाइट से लेकर ईरानी टेलीविजन्स के एंकर और समाचार वाचकों के काले कपड़ों ने देश के लिए सबसे बड़े शोक का संकेत दे दिया था। मुख्य बात यह है कि इसके पहले ही ईरान में जिस तरह की हलचल दिख रही थी, वह स्वयं ईरान और मध्य एशिया के लिए शुभ नहीं कही जा सकती। आशंका का तत्काल कारण इजराइल-हमास के बीच चली झड़पें हैं। इन झड़पों की वजह से यह भी कहा जा रहा है कि ईरानी राष्ट्रपति की हेलिकॉप्टर दुर्घटना दरअसल, साजिश है। ईरान अपने राष्ट्रपति की स्थिति पर कुछ बोले, उसके काफी पहले इजराइल की इस बारे में प्रतिक्रिया सिर्फ असावधानी नहीं कही जा सकती। इजराइल ने दुनिया में सबसे पहले इस पर टिप्पणी की और कहा कि हादसे में अब किसी के भी बचने की संभावना नहीं है। उधर, अमेरिकी कांग्रेस के एक सीनेटर ने तो यहां तक कह डाला कि इस हादसे में एक बड़े 'आतंकवादी' का अंत हो गया। उसका इशारा ईरानी राष्ट्रपति के न्यायिक प्रमुख के रूप में लिए गए फैसलों की तरफ रहा होगा। इजराइल और अमेरिकी सीनेटर के बयान के

निहितार्थ निकाले जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अवश्य ईरान की सरकारी घोषणा के पहले सीनेट हाउस से किसी भी तरह के बयान को स्थगित रखा। यह इजराइल- हमास संघर्ष में इजराइल के साथ खड़े अमेरिका की कूटनीतिक समझदारी ही हो सकती है। हमास लड़ाकों के साथ ईरानी आईआरजीसी के रिश्तों को लेकर पहले से ही दुनिया में चर्चा रही है। इसीलिए इस युद्ध को इजराइल-ईरान संघर्ष बनने में देर नहीं लगी। अप्रैल में चली झड़पों के बीच ईरानी हमले के बाद इजराइल ने ईरान को इसकी कीमत भुगतने की चेतावनी दी थी। यही कारण है कि हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह के बेटे ने अब इस हादसे के बाद परोक्ष रूप से इजराइल को धमकी दी है। उसने कहा कि यदि यह साजिश है, तो हिजबुल्लाह दुनिया का नक्शा बदल देगा। हिजबुल्लाह एक शिया इस्लामी संगठन है और ईरान भी शिया राष्ट्र है। स्वाभाविक तौर पर ईरान को अभी कुछ दिन इस आपदा से उबरने का वक्त चाहिए। फिलहाल इब्राहिम रईसी की जगह उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर देजफुली को उनकी जगह ईरान के राष्ट्रपति का दायित्व सौंपा गया है। ईरानी व्यवस्था के तहत 50 दिन के अंदर नए राष्ट्रपति का चुनाव कराया जाएगा। इब्राहिम रईसी की तरह मोहम्मद मोखबर देजफुली भी ईरान के सर्वोच्च नेता अली खोमोनेई के बेहद करीबी हैं। उम्मीद की जाती है कि मोहम्मद मोखबर ही अगले राष्ट्रपति हो सकते हैं। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को सर्वोच्च नेता अली खोमोनेई का उत्तराधिकारी माना जा रहा था। उम्र के 80 साल पार कर चुके खोमोनेई की जगह अब मोहम्मद मोखबर ले सकते हैं। ईरान में राजनेताओं के साथ सेना और धार्मिक नेता मिलकर ही देश चलाते हैं। इस व्यवस्था के तहत राष्ट्रपति ही न्यायिक प्रमुख भी हुआ करता है। इस तरह ईरान में भावुकता भरे माहौल में एक कट्टर के बाद उसी तरह के राष्ट्रपति का चुनाव सम्भव हो सकेगा। हालांकि समस्या सिर्फ यही नहीं होगी। ईरान के अंदर उथलपुथल का असर उसकी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। इस समय ईरान आर्थिक बदहाली में है। उसे जल्द संभलते हुए अपने तेल व्यवसाय पर भी नजर रखनी होगा। ईरान का तेल सबसे अधिक चीन को निर्यात होता रहा है। चीन और रूस इस परिदृश्य में ईरान के ही साथ हैं। फिर भी अपने लोगों को संभालते हुए दुनिया, खासकर मध्य एशिया में अपनी स्थिति ठीक रखना ईरान के लिए एक चुनौती है। राष्ट्रपति रईसी के जाने से यह चुनौती और अधिक बढ़ गई है।

**(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

---

# उत्तराखंड में आग से दहकते पर्वतीय जंगल, जिम्मेदार कौन?



**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

हमारी वजह से बढ़ रही ग्लोबल वार्मिंग और गलतियों की वजह से उत्तराखंड के खूबसूरत जंगलों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। आईआईटी रुड़की के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन डिजास्टर मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट विभाग के प्रो। पीयूष श्रीवास्तव और प्राइम मिनिस्टर रिसर्च फेलो आनंदू प्रभाकरन ने हाल ही में जंगलों की आग को लेकर विशेष अध्ययन किया है। प्रो. पीयूष बताते हैं कि सन 2013 से सन 2022 तक उत्तराखंड का करीब 23 हजार हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया है। इसके पीछे बेहद जटिल भौगोलिक स्थितियां भी कारण रही है। वहीं मिश्रित जंगलो का होना सूखी पत्तियों और चीड़-देवदार के निडिल का ईंधन है, जिन्हें ड्राई फ्यूल कंडिशन कहते हैं। हम इंसानों द्वारा गलती से या जानबूझकर लगाई गई आग भी पहाड़ की बर्बादी का कारण बन रही है।चीड़ की पत्तियां, जिन्हें पिरूल कहा जाता है, गर्मी होते ही वह हवा के साथ पेड़ों से झड़ने लगती हैं और इनमें आग बहुत तेजी से फैलती है। इसी तरह गर्मी के सीजन में चीड़ के जंगलों में लीसा निकालने का सीजन शुरू हो जाता है। इसका लीसा इतना ज्वलनशील होता है कि उसमें लगी आग पर काबू पानी बहुत मुश्किल हो जाता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं जंगलों में लगी आग का जायजा लेने रुद्रप्रयाग पहुंचे थे। उन्होंने कहा, "वनाग्नि को रोकने के लिए सरकार 'पिरूल लाओ-पैसे पाओ' मिशन पर भी काम कर रही है। जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरूल कलेक्शन सेंटर पर 50 रुपये किलो की दर से पिरूल खरीदा जाएगा जिसे पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा संचालित किया जाएगा।"

जंगलों में लगी भयानक आग की वजह से हवा की गुणवत्ता बिगड़ रही है। हवा में ज्यादा कार्बन कण मिल रहे है। तेज चलती हवा के साथ ये प्रदूषित कण दूर-दूर तक फैल रहे हैं। ये प्रदूषित कण ग्लेशियरों पर जमा होंगे।इससे ग्लेशियर के पिघलने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में चमोली और केदारनाथ जैसे हादसे भी हो सकते हैं। इन दिनों अल-नीनो की वजह से गर्मी बढ़ी हुई है, हीटवेव चल रही है। पारा ऊपर है। सर्दियों के मौसम में बारिश कम हुई है। सन 2015-16 में भी ऐसी ही हालत बनी थी। तब यानी सन 2016 में 4400 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आए थे। गर्मियों में लगने वाली आग की वजह से पहाड़ी मिट्टी और सतह कमजोर हो जाती है। इसके बाद बारिश आने पर ये मिट्टी खतरनाक हो जाती है। लैंडस्लाइड होते रहते हैं। फ्लैश फ्लड की आशंका रहती है। गंदी मिट्टी बहकर नदियों, नालों में मिलती है। इससे नदियों की जल-गुणवत्ता खराब हो जाती है। वैज्ञानिकों को आशंका है कि ये आग इंसानों द्वारा गलती से या फिर जानबूझकर लगाई गई है। जंगल की आग के 95 प्रतिशत मामलों में इंसानी गतिविधियां ही मुख्य कारण हैं। किसी ने जलती बीड़ी पीकर फेंक दी, पत्ता या कूड़ा जला दिया, उसी से आग की घटनाएं बलवती हो जाती हैं। पहले बारिश, बर्फबारी और नमी की वजह से आग बुझ जाती थी, लेकिन अब ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से तापमान बढ़ता जा रहा है। इस कारण आग आसानी से नही बुझ पाती।

अब जरा सी चिंगारी पूरे जंगल को खाक करने की ताकत रखती है। अगर पहाड़ों पर मौजूद स्थानीय लोगों को मौसम से संबंधी सटीक जानकारी दी जाए, उन्हें ये बताया जाए कि ये मौसम आग लगने का है। कोई ऐसी गलती न करें, जिससे जंगल में आग पकड़े, खासतौर पर ढलानो वाले इलाके में आग न जलाई जाएं, कूड़ा न जलाया जाए, तभी आग के हादसे रोके जा सकते है। स्थानीय लोगो की जागरुकता ही जंगलों को जलने से बचा सकती है। जंगल की आग कब लग सकती है? कहां लग सकती है? इसे लेकर एक स्वदेशी अर्ली वॉर्निंग सिस्टम बनाया जा रहा है, जो कि खास तरह का कंप्यूटर मॉडल होगा, जो खास तापमान, मौसमी स्थितियों, भौगोलिक परिस्थितयों के ताजा डेटा डालने पर जंगल की आग की भविष्यवाणी कर सकेगा। इससे भविष्य में जंगली आग की जानकारी पहले मिल जाएगी। उससे बचने की तैयारी पहले पूरी कर ली जाएगी। भविष्य में इसरो-नासा के नए सैटेलाइट निसार से भी इसमें मदद मिल सकती है।

इस भीषण आग को बुझाने के प्रयास में भारतीय वायु सेना के जवानों और एमआई-17 हेलिकॉप्टरों की तैनाती की गई , बम्बी बकेट नामक एक ऑपरेशन में, हेलिकॉप्टर आग बुझाने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में पानी इकट्ठा करके जेट-स्प्रे किया गया है। अभी तक आग से 108 हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गया है। उत्तराखंड के वन विभाग द्वारा जारी एक दैनिक बुलेटिन के अनुसार, 24 घंटों में राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में जंगल में आग लगने की 26 घटनाएं हुई, जबकि गढ़वाल क्षेत्र में पांच घटनाएं हुईं, जहां 33.34 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। आग से लड़ने के लिए कुमाऊं में भारतीय सेना की दो टुकड़ियां भी तैनात की गई हैं। वहीं उत्तराखंड में नवंबर से अब तक 910 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उत्तराखंड में 1,145 हेक्टेअर से अधिक वन क्षेत्र में लगी आग ने अब तक पांच जिंदगियां लील ली हैं जबकि पांच अन्य लोग उसकी चपेट में आकर आंशिक रूप से झुलस चुके हैं। पहली आग लगभग छह महीने पहले भड़की थी और अब तक फैल ही रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि उत्तराखंड की भयावहता भी कैलिफॉर्निया के जंगल की आग से अलग नहीं है।

अमेरिका हो या उत्तराखंड जंगल में भड़की आग को बुझाने में विज्ञान भी फेल हो गया है। उत्तराखंड में जंगल धू-धूकर जल रहे हैं। हर साल करीब 1,978 हेक्टेयर वन क्षेत्र आग से जल जाता है। इससे वनस्पति एवं जैविक संपदा का भारी नुकसान तो होता ही है, हिमालयी क्षेत्र का पर्यावरण भी बुरी तरह प्रभावित होता है। पिछले 12 वर्षों में उत्तराखंड के जंगलों में आग की 13,574 घटनाएं हुई हैं, फिर भी आग बुझाने की विभागीय तकनीक आधुनिक न होकर पारंपरिक ही है। हालांकि तीन-चार वर्षों से वनाग्नि की सूचना प्रसार के लिए ड्रोन का उपयोग किया जाने लगा है। जबकि आवश्यकता नई तकनीकी के इस्तेमाल के साथ जवाबदेह व्यवस्था विकसित करने की है। इसी कमी के कारण जंगलों में आग लगाने वालों को दंडित किए जाने के उदाहरण कम मिलते हैं । जंगलों में लगने वाली आग सतह पर ही फैलती है जिससे पेड़ों को कम नुकसान होता है, लेकिन छोटे पौधों एवं बहुमूल्य वनस्पतियों को इससे काफी हानि होती है। यह जंगलों में पनपने वाली जैवविविधता के लिए भी बड़ा खतरा है। जंगल में आग के दो कारण हैं। पहला मानवजनित तो दूसरा प्राकृतिक। मानवजनित कारण भी दो तरह के हैं। छोटी-छोटी लापरवाही वन संपदा के लिए घातक हो जाती है। बीड़ी-सिगरेट या घरों के आस-पास झाड़ियों में लगाई गई आग को बहुत सामान्य तौर पर लेते हैं और यही आग अक्सर पूरे जंगल को सुलगा देती है। मानवजनित कारणों में कुछ असामाजिक तत्व अपने काले कारनामों को अंजाम देने के लिए इरादतन आग लगा देते हैं। कभी जंगली जानवरों के शिकार के लिए तो कभी आग के बाद उगने वाली हरी-घनी घास के लिए यह खतरनाक खेल खेलते हैं। कई बार वन विभाग के ही भृष्ट लोग अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने के लिए भी रक्षक से भक्षक बन जाते हैं। इस आग से हवाई पौधरोपण एवं अवैध कटान पर भी पर्दा पड़ जाता है। यह स्पष्ट है कि वनों की आग का मुख्य कारण लापरवाही है।

कई बार प्राकृतिक रूप से भी जंगलों में आग लग जाती है। जानवरों की आवाजाही से ऊंचे पहाड़ों से पत्थर लुढ़कते हैं, जो कई बार टकराहट में चिंगारी छोड़ जाते हैं। यह चिंगारी जब सूखी घास एवं पत्तियों के संपर्क में आती है तो जंगल में आग की घातक कहानी लिख जाती है। जंगलों की आग के लिए काफी हद तक चीड़ के पेड़ भी जिम्मेदार हैं। इनकी सूखी पत्तियां गर्मियों में जंगलों में आग फैलाने में पेट्रोल सरीखा काम करती हैं। साथ ही ये बारिश के पानी को जमीन में रिसने से रोकती हैं। चीड़ के जंगलों में कोई और पौधे नहीं पनप सकते। चीड़ की यह असहिष्णुता एवं विस्तारवादी प्रवृत्ति उत्तराखंड के वनों के लिए बड़ी चुनौती है। चीड़ के जंगलों को सुनियोजित तरीके से उपयोगी पेड़ों के जंगल में परिवर्तित किए जाने की आवश्यकता है, परन्तु चीड़ के जंगल लगातार विस्तार पा रहे हैं। जिन क्षेत्रों में चीड़ दिखाई नहीं देता था, वहां भी आज चीड़ के पेड़ विस्तार पा चुके हैं। जंगल की आग पर काबू पाने के तौर-तरीकों में नई तकनीकी का प्रयोग जिस गति से होना चाहिए था, वह नहीं हो पा रहा है। ड्रोन का प्रयोग केवल सूचना के त्वरित प्रसार तक ही सीमित है।लीफ ब्लोअर (सूखे पत्रों को हवा से साफ करने वाली मशीन) का उपयोग अभी तक आम नहीं हो पाया है। कृत्रिम बारिश अभी तक सोच के स्तर तक ही है। कुल मिलाकर अंग्रेजों के जमाने से अब तक अगर आग बुझाने का कोई कारगर उपाय दिखता है तो वह है झांपा। झांपा पेड़ों के हरे पत्तों से युक्त टहनियों से बनाया गया बड़ा झाड़ू ही होता है, जिससे दूर से ही खड़े होकर आग बुझाई जाती है। उत्तराखंड के विभिन्न जंगलों में आग की कई घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। जंगल का इलाका ऊबड़-खाबड़ और खड़ी ढलान वाला है जहां घनी वनस्पतियां हैं। इस कारण प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने और वहां इधर से उधर आ-जा पाना आसान नहीं है। उत्तराखंड में कई वन क्षेत्रों की तरह अक्सर सूखे और तेज हवाएं चलती हैं, जो जंगल की आग को भड़काने में काफी मददगार होती हैं। सूखी वनस्पति आग के लिए ईंधन का काम करती है, जबकि तेज हवाएं तेजी से लपटों और अंगारों को आगे बढ़ाती हैं, जिससे आग अप्रत्याशित रूप से और बड़े क्षेत्रों में फैल सकती है। उत्तराखंड के वन अधिकारियों ने भी आग के तेजी से फैलने का कारण तेज हवाओं को बताया जिसने इसे क्राउन फायर में बदल दिया है। उत्तराखंड में जंगल की आग की घटनाएं मुख्य रूप से मानवीय गतिविधियों के कारण होती हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग कभी-कभी कृषि या पशुधन चराने के लिए क्षेत्रों को खाली करने के लिए घास के मैदानों में आग लगा देते हैं। इससे अनजाने में बड़ी जंगल की आग भड़क जाती है।इसके अलावा, इस प्री-मानसून सीजन में कम बारिश के कारण मिट्टी की नमी की कमी और जंगल में मौजूद सूखी पत्तियों, चीड़ की सुइयों और अन्य ज्वलनशील पदार्थों की उपस्थिति ने भी ऐसी घटनाओं में योगदान दिया है। चमोली पुलिस ने गैरसैण इलाके में स्थित एक जंगल में आग लगाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन लोगों ने कथित तौर पर जंगल में लगी आग की घटना का वीडियो रिकॉर्ड किया और सोशल मीडिया पर लाइक, व्यू और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए शेयर कर दिया।

हालांकि आग बुझाने के लिए तकनीक मौजूद है, लेकिन जंगल की विशेष परिस्थितियों के कारण ये बहुत कारगर साबित नहीं हो पाती। उदाहरण के लिए, पानी की बाल्टियों या टैंकों से लैस हेलीकॉप्टर आग की लपटों और हॉटस्पॉट पर पानी गिराने में सहायक हो सकते हैं, लेकिन उनका उपयोग उपलब्धता, मौसम की स्थिति और जल स्रोतों की पहुंच जैसे कारकों से सीमित हो सकता है। इसी तरह, जंगल की आग की प्रगति को धीमा करने के लिए विशेष अग्निरोधी रसायनों का इस्तेमाल किया जा सकता है। उत्तराखंड के वन अधिकारियों ने भी आग के तेजी से फैलने का कारण तेज हवाओं को बताया जिसने इसे क्राउन फायर में बदल दिया है।

इसी तरह, जंगल की आग की प्रगति को धीमा करने के लिए विशेष अग्निरोधी रसायनों का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन इसके इस्तेमाल में कई तरह की समस्याएं हैं। बात सिर्फ आग की लपटों पर काबू पाने की नहीं, अग्निशामक तकनीक की उपलब्धता के बावजूद जंगल की आग से निपटने के लिए अक्सर बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जो केवल लपटों को बुझाने से कहीं आगे तक जाती है। इन रणनीतियों में अग्निरोधक क्षेत्र तैयार करना है। अग्निरोधक क्षेत्र वो इलाके होते हैं जहां बिल्कुल सफाई होती है, कोई जंगल-झाड़ नहीं ताकि वहां आग पकड़ने या वहां से आग बढ़ने की कोई गुंजाइश नहीं रहे। इसी तरह, गर्मी आने से पहले आसानी से आग पकड़ने वाले इलाकों में छोटे पैमाने पर आग लगाकर झाड़ियों को जला देने से भी बड़ी आगे का वाहक खत्म हो जाता है।

जमीनी स्तर पर काम करने वाली अग्निशमन टीमें जंगल की आग से सीधे निपटने में अहम भूमिका निभाती हैं। वो अक्सर आग की लपटों को दबाने और आगे के इलाकों की सुरक्षा के लिए हाथ के औजार, पाइप और आग को रोकने वाले फोम जैसे औजारों का इस्तेमाल करती हैं। इसके अलावा हेलीकॉप्टर, एयर टैंकर और ड्रोन आदि से पानी या आग रोकने वाले अन्य पदार्थों को प्रभावित इलाकों में पहुंचाया जाता है। साथ ही, आग कैसा रुख अपना सकती है, इसका आकलन करने और जिन क्षेत्रों में प्राथमिकता से जरूरी कदम उठाए जाने हैं, उनकी पहचान करने के लिए टोही मिशन भी चलाया जाता है।आग कितनी भीषण है, मौसम की स्थिति कैसी है और आग बुझाने के संसाधन कैसे हैं, इन सब कारकों से तय होता है कि आग पर काबू पाना कितना कठिन या आसान होगा।

उत्तराखंड सरकार ने हाल ही में आग बुझाने के लिए जो ततपरता दिखाई है,वैसे आग लगने के समय ही दिखाई होती तो अब तक आग पर नियंत्रण हो गया होता। वास्तव में आग वातानुकूलित कक्षों में बैठकर मंत्रणा करने से नहीं मौके पर जाकर ठोस कार्रवाई से ही बुझ सकती है। जो देर से आग बुझाने के लिए उठाया गया सही कदम है। वहीं वन तस्करों द्वारा आग लगाकर जंगलों को काटने से रोकने पर भी सख्ती करनी होगी।चार्ल्स डार्विन ने सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट में कहा था कि हर प्राणी को खाने के लिए भोजन व रहने के लिए स्थान चाहिए।उन्हें उन प्राणियों से बचाव के लिए जगह चाहिए जो उदरपूर्ति के लिए उन्हें मारना चाहते हैं। उन प्राणियों का इलाका चाहिए जहां उनके शिकार जीव या वनस्पति सहजता से उपलब्ध हो।इसके लिए इंसानों व अन्य जीवों ने हर तरह के तरीके अपनाए,तभी तो कब्जेदारों, आक्रमणकारी प्रजातियों और बचने वालों के बीच लगातार जंग चलती है, जो भारी पड़ता है वो सर्वाइव करता है, बाकी बचे कमजोर या तो संख्या में कम हो जाते हैं, या फिर खत्म हो जाते है। कभी लकड़ी के लालच में अंग्रेजों ने चीड़ और देवदार के जंगल लगाए थे। जिससे उत्तराखंड के जंगलों का वेजिटेशन मिक्स हो गया है, जिसे सरकारों और पूर्वजों ने आज तक नहीं सुधारा ।

**(लेखक, सामाजिक सरोकारों से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संक्षिप्त खबर

# स्टेट टॉपर प्राची बनना चाहती है आईएएसअधिकारी

12वीं बोर्ड में हासिल किए 100% अंक

**चमकता राजस्थान, अलवर /** खैरथल राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर 12वीं कॉमर्स साइंस और आट्र्स का रिजल्ट जारी हो चुका है। इसमें अलवर खैरथल के बीवीरानी के पास एकरोटिया गांव की छात्रा प्राची सोनी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए साइंस में राजस्थान टॉप किया है। प्राची कें 100 प्रतिशत अंक आए हैं। प्राची के साइंस कें सभी विषयों में 100 में से 100 अंक आए हैं। अलवर की छात्रा ने यह इतिहास बनाया है। प्राची ने बताया की सफलता का क्रेडिट गुरुजनों और परिवारजन को जाता है। जिन्होंने हमेशा कहा कि मैं कर सकती हूं। प्राची ने कहा कि मैं पहले टीवी और समाचार पत्रों में देखती थी कि स्टूडेंट के 100 में से अंक आते हैं और राजस्थान में वो टॉप कर रहे हैं, तो उसके बाद से ही मैं भी ठाना कि मैं टॉप करूंगी और उसके बाद से कॉन्फिडेंस आया और मुझे लगा कि मैं भी कर सकती हूं। प्राची ने कहा कि पढ़ाई तो करनी थी लेकिन इसमें सबसे जरूरी होता है मार्गदर्शन जो मेरे शिक्षकों ने मुझे दिया। उन्होंने मुझे पढ़ाई के साथ मेरे डाउट्स क्लियर करने में मेरी मदद की। मुझे यह तो पता था कि मेरे अच्छे नंबर आएंगे और मैं टॉप करूंगी। लेकिन इतना नहीं पता था कि सभी विषयों में 100 में से 100 अंक आएंगे।

**आई.ए.एस बनने का सपना**

प्राची ने कहा कि वो आईएएस बनना चाहती है। उनके पिता का नाम नरेंद्र कुमार सोनी है, तो माता का नाम बेबी है। प्राची एक्सिस एकडेमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरथल की छात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थी और शुरुआत से ही लगातार मैंने कभी पढ़ाई नहीं छोड़ी या पढ़ाई के अलावा किसी अन्य चीज को प्राथमिकता नहीं दी। हमेशा पढ़ाई पर मेरा फोकस रहता था। प्राची की मां बेबी हाउसवाइफ है। जबकि पिता बैंक में नौकरी करते हैं। प्राची ने अन्य युवाओं व छात्रों को संदेश देते हुए कहा जो लोग लगातार पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन उसके बाद भी अच्छा स्कोर नहीं कर पा रहे हैं।उन लोगों को अपने शिक्षकों की मदद लेनी चाहिए। उनका मार्गदर्शन लेने में ही सफलता मिलती है। जो शिक्षक कहते हैं उसे मानना जरूरी होता है और उसको ही फॉलो करके आप जीवन में कामयाबी हासिल कर सकते हैं।

# अति आवश्यक सेवाओं की जिला स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** अति आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर निधि बी टी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान पडने वाली अत्यधिक गर्मी को देखते हुए मानव जीवन को सुरक्षित रखना हमारा दायित्व है। पीने के पानी की कमी के कारण मानव जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडता है। जिले में कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे ! इस उद्देश्य से राजकीय कार्यालयों, अस्पतालों, बस स्टैंड आदि सार्वजनिक एवं सुगम्य स्थानों पर विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से मटकियों वाली प्याऊ अथवा वॉटर कूलर आदि से पेयजल व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। भामाशाहों या गैर सरकारी संगठनों, कार्मिक संगठन, धार्मिक ट्रस्टों आदि को प्रेरित कर पुनीत कार्य को करवाये जाने की व्यवस्था करें, साथ ही उनके नियमित रख-रखाव एवं संचालन की व्यवस्था स्वयंसेवी संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों आदि के माध्यम से की जाये। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सार्वजनिक प्याऊ अथवा वॉटर कूलर हेतु! पेयजल की उपलब्धता नेटवर्क फिजिबिलिटी की उपलब्धता के आधार पर करवायी जा सकेगी, इसके साथ पक्षियों हेतु परिंडों एवं चुग्गा पात्र लगाने हेतु प्रेरित करने का कार्य भी किया जाये। जिला कलक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि जेवीवीएनएल अवैध कनेक्शन के विरूद्ध कार्यवाही करे एवं इस प्रकार राजस्व की क्षति पहुंचाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही प्रस्तावित कराये, वहीं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अवैध रूप से पेयजल का उपयोग करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करें। गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत लाईनों के मरम्मत कार्य पर पूर्ण ध्यान देवें। पेयजल की आपूर्ति की जांच हेतु मौका भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया जाये। सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी ई-फाइल की स्थिति देखें और लंबित फाइलों का शीघ्र निस्तारण करें।

# बाड़ी नगरपालिका प्रशासन का अवैध अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी में हाईकोर्ट के आदेशानुसार नगरपालिका क्षेत्र बाड़ी में नगरपालिका एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में चल रहा अतिक्रमण के खिलाफ पीला पंजा, बाडी बाईपास जैनव गार्डन से महाराज बाग सर्किल तक की गई ! कार्यवाही ,कार्यवाही से से दुकानदारों में मचा हड़कंप, खउइ द्वारा दुकानों के ऊपर लगी टीनें, और पटिया को किया जा रहा ध्वस्त, इस कार्यवाही में बाड़ी थानाधिकारी शिवलहरी मीणा, अधिशासी अधिकारी रविन्द्र सिंह, तहसीलदार महोम्मद हनीफ खांन, सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा एवं नगरपालिका के कर्मचारी और पुलिस के जवान मौजूद आज शहर में पीला पंजा कि साथ साथ,चलाया गया कुछ आरोप प्रत्यारोप और विरोध भी दिखाई दिया लेकिन कोतवाल शिव लहरी मीणा के साथ पुलिस की कई टीम मौजूद रही, क्योंकि यह अभियान प्रशासन की बजाय पुलिस विभाग ने अधिक चलाया जिस विभाग को इस अभियान को गति देनी थी वह विभाग बिल्कुल कमजोर पड़ा हुआ था।

### करौली जिले में थाना सपोटरा पुलिस की कार्रवाई.......

# सात साइबर ठगों को किया गिरफ्तार, 12 स्मार्टफोन जब्त

**चमकता राजस्थान, जयपुर/करौली! (खलील कुरैशी)।** करौली में थाना सपोटरा पुलिस की टीम ने रविवार को गश्त के दौरान जाखौदा रोड़ पुलिया के पास साइबर ठगी की वारदात के लिए चैट व बातचीत कर रहे सात साइबर ठगों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 12 मोबाइल जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया पर अश्लील चैट, मैसेज, वीडियो भेज व अन्य तरीकों से सेक्सटॉर्शन कर ठगी किया करते थे। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी धारा सिंह मीना पुत्र रघुवीर (26), टीकाराम मीना पुत्र भरत लाल (23), लव कुश मीना पुत्र कमलेश (20), भूर सिंह मीना पुत्र कमलेश (21), सोनू मीना पुत्र मंटू (20), सौरभ मीना पुत्र जगदीश एवं दीपक मीना पुत्र हेमराज (19) थाना क्षेत्र के रानीपुरा गांव के रहने वाले हैं रविवार को मुखबिर की सूचना पर एसएचओ अनिल कुमार गौतम एवं एएसआई भवानी सिंह मय टीम के जाखौदा रोड पुलिया पर पहुंचे। जहां 7 व्यक्ति मोबाइल पर चैट व बातचीत करते हुए दिखाई दिए। इनके पास मिले स्मार्टफोन को पुलिस ने चैक किया तो फर्जी व्हाट्सएप पर फेसबुक अकाउंट से संपर्क कर अश्लील चैट, मैसेज, अश्लील वीडियो भेज एवं अन्य तरीकों से सेक्सटॉर्शन कर ठगी करना व दूसरे के नाम पते की फर्जी सिम व बैंक अकाउंट में ठगी के रुपए डलवाना पाया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सपोटरा पर आईपीसी व आईटी एक्ट में मुकदमा किया गया। मामले का अग्रिम अनुसंधान थाना कैला देवी द्वारा किया जा रहा है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। जिनसे साइबर ठगी की बड़ी वारदात खुलने की पूरी संभावना है।

# ट्यूबवैल पर मिलें अधेढ़ के शव के मामले में पुलिस ने किया पटाक्षेप

### मामलें में एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे पर दस हजार का ईनाम घोषित

**चमकता राजस्थान, नदबई (राजवीर सिंह)।** लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव पहरसर के जंगल में स्थित ट्यूबवैल पर संदिग्ध स्थिति में शव मिलने के मामलें में लखनपुर थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जबकि, मामलें में फरार एक अन्य आरोपी का सुराग नही लगने पर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने फरार आरोपी पर 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया। पुलिस के अनुसार गांव बीलोंट निवासी पप्पू उर्फ गूंगा हरनाम सैन को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने डहरामोड से हिरासत में लिया। बाद में जांच पडताल दौरान गिरफ्तार आरोपी व उसके साथी बीलोट निवासी रोहित द्वारा मारपीट कर अधेड़ की हत्या करने का खुलासा होने पर पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार किया। जबकि, आरोपी रोहित का सुराग नही लगने पर जिला एसपी ने फरार आरोपी पर दस हजार रुपए का ईनाम घोषित किया। गौरतलब है कि 10 मई की रात गिरफ्तार आरोपी पप्पू उर्फ गूंगा हरनाम सैन व आरोपी रोहित ने मृतक सरमन शर्मा के ट्यूबवैल पर एक साथ मिलकर शराब पी। शराब पीने दौरान किसी बात को लेकर रोहित व सरमन शर्मा के बीच विवाद हो गया। इसी के चलते गिरफ्तार आरोपी पप्पू उर्फ गूंगा हरनाम सैन व फरार आरोपी रोहित ने मारपीट करते हुए सरमन शर्मा की हत्या कर दी। बाद में शव को ट्यूबवैल के बहार पटककर आरोपी फरार हो गए। मामलें में पुलिस ने जांच पडताल कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जबकि, दूसरे आरोपी पर 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया।

### चुरू जिले में शिकंजा के तहत महिला थाना पुलिस की कार्रवाई

# नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में 6 साल से वांछित आरोपी गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, जयपुर/चूरू (खलील कुरैशी)।** चूरू जिले की महिला थाना पुलिस की टीम ने सौतेली नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म के मामले में 6 साल से फरार आरोपी शालीभद्र पुत्र पारसमल (38) निवासी प्रताप की पोल वार्ड नंबर 5 बाड़मेर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित है। एसपी जय यादव ने बताया कि घटना के संबंध में 28 अगस्त 2018 को चूरू निवासी परिवादी ने अपनी नाबालिग भांजी के साथ दुष्कर्म की एक लिखित रिपोर्ट दी कि मेरी बहन की तीन संतानें हैं। बहन की दूसरी शादी शालीभद्र के साथ हुई थी। तीनों बच्चे उसी के साथ रहते थे। एक दिन 13 वर्षीय बेटी ने उसे बताया कि पापा गंदे हैं और गंदी बात करते हैं। पिछली दफा जब पापा चूरू आए थे तो उन्होंने अकेला देखकर गलत काम किया। रिपोर्ट पर आईपीसी व पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू की गई। मुकदमा दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया था। 2 जुलाई 2019 को पुलिस ने पोक्सो कोर्ट चूरू में मुल्जिम के विरुद्ध चालान पेश कर दिया। काफी तलाश के बाद भी मुल्जिम की गिरफ्तारी नहीं होने पर एसपी चूरू द्वारा 5000 रुपये का इनाम जारी किया गया। एसपी यादव ने बताया कि वांछित बदमाशों की धरपकड़ के लिए जिले में ऑपरेशन शिकंजा चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल व सतपाल सिंह एवं सीओ सुनील कुमार के सुपरविजन तथा एसएचओ महिला थाना करतार सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल अनूप श्योराण व मुकेश कुमार की टीम द्वारा आरोपी को बाड़मेर से दस्तयाब किया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अनुसंधान अधिकारी एसएचओ सदर बलवंत राम को अनुसंधान के बाद पोक्सो कोर्ट चूरू में पेश किया गया, जहां से जेल भिजवाया गया है।

# पुलिस ने सट्टे की खाईवाली करते एक गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान, धौलपुर ( रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में पुलिस महानिरीक्षक रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश पुलिस अधीक्षक सुमित महरडा आईपीएस द्वारा वांछित अपराधियो के विरूध्द चलाये जा रहे, विशेष अभियान के दौरान अति० पुलिस अधीक्षक एडीएफ धौलपुर कमल किशोर जांगिड आरपीएस एवं वृताधिकारी वृत बाडी नरेन्द्र कुमार के निकटतम सुपरवीजन में शिवलहरी पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना बाडी के नेतृत्व में दिनांक 19-05-24 की रात्री को इस्लामिया चौराहा कस्वा वाडी से सटटा की कार्यवाही करते हुये आरोपी मौनू पुत्र श्री होतीलाल मित्तल जाति वैशय उम्र 38 साल निवासी मलकपाडा बाडी थाना बाडी जिला धौलपुर को गिर 0 किया गया है जिसके कब्जे से 12105 रुपये सटटा राशि को बरामद किया गया है। जिसपर थाना हाजा पर मु0 न 0 214/24 धारा 13 आईपीजी ओ में दर्ज किया गया है !

# सीएचसी छौंकरवाडा कलां को रोगी जांच किट व दवा भेंट

- ➲ टीबी रोगियों को दवा कराई उपलब्ध
- ➲ भामाशाह रमेशचन्द गुप्ता बने मददगार

**चमकता राजस्थान, भुसावर (राजवीर सिंह)।** छौंकरवाडा कलां, गांव छौंकरवाडा कलां के मूल निवासी व किरन फाउण्डेशन के चेयरमेन रमेशचन्द गुप्ता तथा ऋषि किरन लॉजिस्टिक प्रा.लि, कम्पनी गांधीधाम के द्वारा गांव छौंकरवाडा कलां के राजकीय सामुदायकि अस्पताल को रोगी जांच किट व टीबी रोगियों को दवाईयां आदि उपलब्ध कराई। जिस सामग्री को पूर्व जिला प्रमुख व किरन फाउण्डेशन के राजस्थान के प्रदेश प्रभारी द्वारिकाप्रसाद गोयल तथा पूर्व सरपचं नेमी सिंह ने स्थानीय सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.गजेन्द्रपाल व राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चैधरी भेंट किया। प्रदेश प्रभारी गोयल ने बताया कि गांव छौंकरवाडा कलां सीएचसी प्रभारी डॉ. गजेन्द्रपाल ने किरन फाउण्डेशन व लॉजिस्टिक प्रा.लि.कम्पनी से सीएचसी के लैब में काम आने वाला चिकित्सीय सामान व जांच किट सहित टीबी रोगियों की दवा की मांग की। किरन फाउण्डेशन के चेयरमेन रमेशचन्द गुप्ता ने उक्त सामग्री खरीद की स्वीकृति प्रदान कर दी और उक्त सामग्री को खरीद कर सीएचसी को भेंट कर दिया गया। सीएचसी प्रभारी गजेन्द्रपाल ने बताया कि सीएचसी क्षेत्र के 20 रोगी टीबी रोग से पीडित है, जिनकी सीपी दवा निःशुल्क चल रही थी। पिछले करीब तीन माह से विभाग की दवा सप्लाई में टीबी रोग की कॉम्बिनेशन की गोली नही आ रही,जिससे टीबी रोग के रोगियों को अनेक परेशानी का सामना करना पड रहा था। गांव छौंकरवाडा कलां निवासी पूर्व जिला प्रमुख द्वारिकाप्रसाद गोयल से उक्त दवा व जांच किट आदि उपलब्ध कराने का आग्रह किया। जिसको भामाशाह रमेशचन्द गुप्ता ने उपलब्ध करा दिया। उन्होने बताया कि सीएचसी को भेंट की सीपी दवा की 20 रोगियों को एक माह की 2 हजार गोली, एमपी कार्डद 200 नग, सीबीसी विडाल 200 नग तथा टाइफाइड कार्ड 200 नग आदि सामान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी सतेन्द्र सिंह चैधरी, देवेन्द्र सिंह चैधरी, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

**- गुप्ता हमेशा गांव की करते मदद**

पूर्व जिला प्रमुख द्वारिकाप्रसाद गोयल व पूर्व सरपचं नेमी सिंह ने बताया कि गांव छौंकरवाडा कलां के मूल निवासी एवं किरन ग्रुप के चेयरमेन रमेशचन्द गुप्ता तथा उनका परिवार साल 1997 से तक आज तक गांव में चिकित्सा व्यवस्था, शिक्षा, पर्यावरण, स्वच्छता, पेयजल, धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे है। साथ गांव केगरीब, जरूरतमन्द व अग्नि पीडित परिवारों की आर्थिक मदद। 2015 से प्रतिवर्ष आज तक छौंकरवाडा कला व छौंकरवाडा खुर्द के सरकारी स्कूल के बच्चों को यूनिफार्म, पाठयसामग्री, स्कूल बैग आदि तथा स्कूलों को शैक्षिक उपकरण, फर्नीचर, फर्स, कूलर, पंखे, वाटर कूलर, राउमावि व जवाहर नवोदय विद्यालय में अलग-अलग मय विद्युत मोटर व पाइप लाइन आदि सहित डीपवोर लगवाए और नवोदय स्कूल, सीएचसी, जविविनि के सहायक अभियन्ता कार्यालय व मोक्षधाम में अतिथि, रोगी व बच्चों के परिजनों को बैठक व्यवस्था को आधुनिक टीन सेड का विश्राम घर का निर्माण कराया। सरकारी अस्पताल में पिछले कई वर्ष से रोगी जांच किट, दवा, चिकित्सीय उपकरण, पखां, कूलर, रूम हीटर, वाटर कूलर मय आरओ, बिजली फिटिंग आदि कार्य कराए। साथ ही श्री शक्तिमाता मन्दिर का जीर्णोद्वार व श्री ठाकुर जी मन्दिर में आर्थिक सहयोग प्रदान कर भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमाएं भेंट की।

# समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों को 31 मई तक पूर्ण करें : डा. समित शर्मा

➲ समर कंटीन्जेंसी में कम प्रगति वाले 4 जिलों एवं जेजेएम में न्यून प्रगति वाले 5 जिलों के अधीक्षण अभियन्ता को कारण बताओ नोटिस जारी

**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों में शून्य प्रगति वाले चार जिलों के अधीक्षण अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधीक्षण अभियंता सवाई माधोपुर कैलाश चंद मीना, अधीक्षण अभियंता बांसवाड़ा अशोक चावला अशोक चावला, अधीक्षण अभियंता धौलपुर मुकेश गर्ग एवं अधीक्षण अभियंता गंगापुर सिटी श्री रामकेश मीना को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बार-बार वीडियो कांफ्रेंस में निर्देश दिए जाने के बावजूद भी प्रगति नहीं आने पर उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इन जिलों में समर कंटीन्जेंसीज कार्यों में प्रगति नहीं लाई जाती है तो संबंधित जिलों के अतिरिक्त मुख्य अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समर कंटीजेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों को 31 मई तक हर- हालात में पूर्ण करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाशत नहीं कि जाएगी। जल जीवन मिशन के 14 (की परफॉर्मन्स इंडिकेटर्स) के आधार पर तैयार की गई डिस्ट्रिक्ट वाइज रिपोर्ट कार्ड में सबसे पिछड़े जिले के अधीक्षण अभियंता डूंगरपुर अनिल कछावा, अधीक्षण अभियंता जयपुर ग्रामीण आनंद प्रकाश, अधीक्षण अभियंता नीमकाथाना श्री दलीप तारंग, अधीक्षण अभियंता सांचौर पृथ्वी सिंह गुर्जर एवं अधीक्षण अभियंता बांसवाड़ा अशोक चावला को भी कारण बताओ नोटिस किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन में प्रगति लाई जाए। डॉ. समित शर्मा सोमवार को वीडियो कॉन्फेंस के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित अधीक्षण एवं अधिशाषी अभियंताओं के साथ समर कंटिंजेंसी प्लान एवं जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म काल में पेयजल से संबंधित किसी भी तरह की किल्लत नहीं आए, इसके लिए स्वीकृत कार्यों का धरातल पर अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाये कि किए जा रहे कार्य गुणवत्ता पूर्ण हों। उन्होंने भरतपुर संभाग के अधीन आने वाले जिलों में समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन मोड़ पर सभी कार्यों को पूर्ण किया जाए। शासन सचिव ने कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल की किल्लत नहीं हो इसके लिए स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही हैण्ड पंप एवं नलकूप समय से स्थापित किए जाए जिससे आमजन को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि बिजली कनेक्शन के कारण जो नलकूप अभी तक चालू नहीं हुए हैं उन्हें चालू करवाने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर 31 मई तक प्रारम्भ कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी जिले में मशीन की जरूरत है तो वे भूजल विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए उपयोग में ले सकते है। वीडियो कॉन्फ्रेंस में उप शासन सचिव शंकर लाल सैनी, मुख्य अभियंता (ग्रामीण) श्री के.डी गुप्ता, मुख्य अभियंता शहरी श्री राकेश लुहाडिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवीन अवैध कॉलोनियों पर निश्चित रूप से होगी कठोर कानूनी कार्रवाई :- महेन्द्र कुमार शर्मा

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-10 में अठारह बीघा भूमि पर तीन नवीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

## इकोलॉजिकल जोन में मोती बिना भू रूपांतरण और बिना स्वीकृति- अनुमोदन के बसायें जा रहें मोती नगर, रोहित नगर 6 एवं रोहित नगर 7 चलाया पीला पंजा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, (खलील कुरैशी) 20 मई।** जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते द्वारा जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी की करीब 18 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन ने महेन्द्र कुमार शर्मा बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड़, जयसिंहपुरा खोर जिला जयपुर में करीब 01 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''मोती नगर'' के नाम सें विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल, निर्माणाधीन कमरेनुमा ढांचे व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड़, जयसिंहपुरा खोर में जिला जयपुर में ही करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''रोहित नगर-6'' के नाम सें विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गईमिट्टी-ग्रैवलसड़कें,बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।इसी प्रकार जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड़, जयसिंहपुरा खोर में जिला जयपुर में ही करीब 12 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि परजेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''रोहित नगर-7'' के नाम सें विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 11, 03 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### कृत्रिम अंग उपकरण हेतु पंजीयन 23 मई तक

**चमकता राजस्थान, अलवर।** जिले की पंचायत समितियों के पात्रताधारी दिव्यांगजन कृत्रिक उपकरण प्राप्त करने हेतु 23 मई तक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों पर पंजीयन करावे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अनिल माच्या ने बताया कि संभागीय आयुक्त के दिशा-निर्देशानुसार अलवर जिले से पंचायत समितिवार 50-50 दिव्यांगजनों का चयन कृत्रिम अंग उपकरण प्रदान किए जाने हैं।उन्होंने पंचायत समितियों के पात्रताधारी दिव्यांगजनों से अनुरोध किया है कि 23 मई तक विभाग के ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों पर कृत्रिम अंग उपकरण हेतु अपना पंजीयन करावे। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गैंदालाल (मो.नं. 9887280166) एवं राजेन्द्र प्रसाद मीना (9414261099) से सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अंग उपकरण वितरण से पूर्व चिकित्सकीय राय अनुसार कालान्तर में शिविर लगाकर लाभ प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

### मनोहरपुर पुलिस थाने को मिली बड़ी सफलता

- **ज्वैलर्स की दुकान से नकबजनी की वारदात में शामिल दो शातिर आरोपीयों को धर- दबोचा**

**चमकता राजस्थान। मनोहरपुर, 20 मई (खलील कुरैशी)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व उचित पुलिस प्रबंधन एवं निर्देशक में मनोहरपुर पुलिस थाना को बड़ी सफलता हाथ लगी है उल्लेखनीय है पुलिस थाने मनोहरपुर की पुलिस टीम ने करीब साढ़े 6 माह पहले मनोहरपुर के छीपा मोहल्ला में हुई नकबजनी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।इस बारे में विस्तृत जानकारी देते थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि 4 नवंबर 2023 को सर्वेश कुमार सोनी पुत्र सागर मल सोनी (23) निवासी खोरा लाडखानी हाल निवासी नानूवाला कस्बा मनोहरपुर ने मामला दर्ज कराया था। इसके अनुसार उसकी दुकान बालाजी ज्वैलर्स से 3 नवंबर की रात को शटर उखाड़कर चोरी हो गई। चोर आलमारी व काउंटर में रखे सोने-चांदी के जवेरात सहित 50 हजार रुपए ले भागे। पुलिस ने विशेष टीम बनाकर जांच के दौरान ने सीसीटीवी कैमरा खंगाले गए। संदिग्ध अपराधियों से पूछताछ कर दबिश दी गई। गठित पुलिस दल ने पुलिस थाना अजीतगढ़ में जाकर आरोपी बहादुर उर्फभादरिया पुत्र मालीराम मीणा (45) निवासी ढाणी नौलखा तन सांवलपुरा शेखावतान,अजीतगढ़ जिला नीमकाथाना एवं बीर सिंह पुत्र ज्ञानीराम मीणा (45) निवासी वार्ड नं. 08 मीणों का मौहल्ला तन ततारपुर जिला कोटपुतली बहरोड़ से गहनात से पूछताछ की। इस पर आरोपियों ने 3 नवंबर को मनोहरपुर थाने में की गई। इस दौरान दोनों ने वारदात करना कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लोहे की आलमारी, चांदी के तार व 3 चांदी के लोकेट बरामद किए हैं। वहीं अन्य आरोपियों पप्पू मीणा व मंजीत मीणा की तलाश जारी है।

### प्रशांत किशोर का पीएम मोदी पर बड़ा हमला

## कहा - बिहार में पैसेंजर ट्रेन भी नहीं और गुजरात को दी जा रही है 'बुलेट ट्रेन'

**पटना।**

जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर बिहार में लगातार पदयात्रा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा है कि बुलेट ट्रेन गुजरात में चलने वाली है। लेकिन उसकी कहानी बिहार में बताकर लोग अपना सीना ठोक रहे हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि बुलेट ट्रेन बनाने का खर्च 1 लाख करोड़ रुपए है। ये काम कर्ज लेकर किया जा रहा है और इस कर्ज में बिहार के लोग भी हिस्सेदार हैं। प्रशांत किशोर पूरे बिहार में पदयात्रा कर रहे हैं और बिहार के लोगों के पलायन, शिक्षा, रोजगार, पानी, बिजली और विकास जैसे बुनियादी मुद्दों पर जनता से संवाद कर रहे हैं। इसी कड़ी में उनके संवाद का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वो बुलेट ट्रेन की बात कर रहे हैं। प्रशांत किशोर ने लोगों से कहा कि बुलेट ट्रेन गुजरात में चलने वाली है। लेकिन उसकी कहानी बिहार में बताकर लोग अपना सीना ठोक रहे हैं। प्रशांत किशोर ने कहा बुलेट ट्रेन बनाने का खर्च 1 लाख करोड़ रुपए है और इसे चलाने में कोई बुरी बात नहीं है। लेकिन जो 1 लाख करोड़ का कर्ज लिया गया है वो बिहार के लोगों पर भी कर्ज है। लेकिन बिहार को एक पैसेंजर ट्रेन तक नहीं दिया जा रहा। प्रशांत किशोर ने कहा कि आपको एक पैसेंजर ट्रेन तक नहीं दिया जा रहा। लेकिन गुजरात का आदमी बुलेट ट्रेन की सवारी करेगा। जन सुराज के संयोजक ने कहा कि मोदी जी वहीं है। मोदी गुजरात और बिहार दोनों के पीएम हैं। गुजरात के लोग पीएम से काम करने की मांग करते हैं। लेकिन बिहार के लोग पीएम से कुछ नहीं मांगते। यहां के लोगों का मानना है पांच किलो अनाज मिल ही रहा है और राम मंदिर बन ही गया है और क्या चाहिए।पीके ने कहा कि पीएम मोदी ने कोलकाता में मेट्रो का उद्घाटन किया और अरुणाचल प्रदेश में 12 हजार करोड़ रुपए के योजनाओं का एलान किया। लेकिन बिहार को कुछ नहीं दिया।

## देश की राजनीति से अब नरेंद्र मोदी नामक अध्याय समाप्त होने जा रहा है : संजय राउत

### बीजेपी इस चुनाव में 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी : संजय राउत

**मुंबई।**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने स्वाति मालीवाल केस में उनके पीए विभव कुमार की गिरफ्तारी के खिलाफ रविवार को बीजेपी मुख्यालय की ओर कूच करने के ऐलान किया था, लेकिन पुलिस ने पहले ही रोक दिया। इससे पहले अरविंद केजरीवाल के इस मार्च का महाराष्ट्र की पार्टी शिवसेना-यूबीटी के नेता संजय राउत ने समर्थन किया। संजय राउत ने कहा कि 4 जून को बीजेपी की सरकार जाने वाली है, फिर भी विपक्ष को डराया और धमकाया जा रहा है। संजय राउत ने मुंबई में मीडिया से बातचीत में कहा, 'मैं अरविंद केजरीवाल के आंदोलन का स्वागत करता हूं।सरकार 4 जून को बदलने जा रही है। फिर भी विपक्ष को डराया और धमकाया जा रहा है। यह केवल दिल्ली में ही नहीं बल्कि मुंबई में भी हो रहा है। चोरी का पैसा बचाने के लिए जो गृह मंत्री खुद आते हैं, गृह मत्री को खुद आना पड़ता है। यह दिल्ली में भी और दूसरे स्टेट में होता है। अगर उन्होंने आंदोलन की घोषणा की है तो होनी चाहिए।'

बता दें कि इससे पहले वाराणसी संसदीय सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन पर संजय राउत ने कटाक्ष किया था। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री का 'आखिरी नामांकन' बताया और कहा था कि जब किसी बड़े नेता की विदाई होती है, तो इसी तरह बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। उन्होंने कहा, हम बार-बार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आखिरी चुनाव है। यह उनकी विदाई यात्रा थी। इस बार उन्हें वाराणसी में जीत का परचम लहराने के लिए संघर्ष करना होगा। देश की राजनीति से अब नरेंद्र मोदी नामक अध्याय समाप्त होने जा रहा है। बीजेपी इस चुनाव में 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी।'

### 21 मई से 11 जुलाई तक होगा 18 फ्लाइट्स का संचालन, 4000 यात्री भरेंगे उड़ान

# हज यात्रा 2024: राजस्थान के हज यात्रियों का इंतजार खत्म

## आज दोपहर 1:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट से हाजियों की पहली फ्लाईट मदीना मुनव्वरा के लिए होगी रवाना

चमकता राजस्थान

जयपुर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
JAIPUR INTERNATIONAL AIRPORT

जयपुर !(खलील कुरैशी) राजस्थान के हज यात्रियों का लंबा इंतजार कल खत्म हो जाएगा। जयपुर के एयरपोर्ट से कल से 27 मई तक मदीना के लिए प्रदेश के लगभग 4000 हज यात्री मदीना के लिए उड़ान भरेगे। इस बार मई महीने में सीधे मदीना के लिए 9 फ्लाइट का डिपार्चर प्रस्तावित है। वहीं, जुलाई महीने में जेद्दाह से 9 फ्लाइट का अराइवल निर्धारित है। इस साल भी 21 मई से 11 जुलाई तक हज फ्लाइट्स का संचालन जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल - 1 से किया जाएगा। इस दौरान हज यात्रियों के लिए 433 यात्रियों की क्षमता वाले कोड-ई एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल किया जाएगा।

राजस्थान स्टेट हज कमेटी के अधिशासी अधिकारी मेहमूद खान ने इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हज 2024 के मुकद्दस सफर पर जाने वाले 433 हाजियों की पहली फ्लाइट कल 21 मई दोपहर 1.30 पर जयपुर एयरपोर्ट से मदीना शरीफ़ के लिए उड़ान भरेंगी जिसमें जयपुर शहर के 169 हाजी, सीकर जिले के 68 अजमेर जिले के 115 होंगे गौरतलब है इस बार हज यात्रा पर सबसे छोटा हाजी 1 वर्ष मोहम्मद साद अपने माता-पिता के साथ जा रहा है जोकि नसीराबाद ज़िला अजमेर का है इसके तहत पहली फ्लाइट के हाजियों को पासपोर्ट टिकट हज हाउस कर्बला में दिए गए जयपुर एयरपोर्ट पर हाजियों के खैरमकदम एवं हौसला अफजाई के लिए राजस्थान स्टेट हज कमेटी

- **राजस्थान राज्य हज कमेटी द्वारा कर लिये गये है हज प्रबंधन व्यवस्था के सारे माकूल इंतजाम**

चैयरमेन अमीन कागज़ी, राजस्थान स्टेट हज कमेटी मेंबर अधिशासी अधिकारी राजस्थान स्टेट हज कमेटी महमूद खान भी रहेंगे मौजूद इस बार 21 से 27 मई तक मंगलवार, गुरुवार, शनिवार, रविवार और सोमवार को जयपुर से मदीना के लिए एक उड़ान प्रतिदिन प्रस्तावित है। जबकि बुधवार और शुक्रवार को प्रतिदिन दो उड़ाने निर्धारित है। इसी तरह 4 से 11 जुलाई के बीच हज से वापसी की फ्लाइट संचालित होगी। इस अवधि के दौरान, जेद्दाह से प्रतिदिन एक उड़ान जयपुर हवाई अड्डे पर उतरेगी और रविवार को दो आगमन निर्धारित हैं। हज यात्रियों के लिए टर्मिनल 1 पर भी एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के साथ ही यात्रियों के पानी और खान-पान की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था के साथ ही महिला और पुरुष यात्रियों के लिए अलग से नमाज अदा करने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही 10 चेक-इन काउंटर, 10 आव्रजन काउंटर और 8 सीमा शुल्क काउंटर स्थापित किए गए हैं। जबकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टर्मिनल-1 पर मेडिकल स्टाफ के साथ ही एंबुलेंस भी तैनात की गई है।

## एक नजर

### रायबरेली : राहुल गांधी ने हनुमान मंदिर में की पूजा, बूथों का लिया जायजा

**रायबरेली।** रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी सोमवार दोपहर को जनपद पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले चूरूआ के पीपलेश्वर हनुमान मंदिर में पूजा पाठ की। इसके बाद बूथों का जाएजा लिया और लोगों संग फोटो खिंचवायी। राहुल गांधी का काफिला बछरांवा के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में बने मतदेय स्थल पर पहुंचा,जहां उन्होंने बूथों पर मौजूद कांग्रेस एजेंटों से भी बात की और चुनाव का हालचाल जाना। राहुल गांधी को देखकर कई महिलाओं ने उनके साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान वह एक बच्चे को दुलारते हुए नजर आये। वहां से राहुल हरचंदपुर विधानसभा के मतदेय स्थलों पर पहुंचकर मतदान स्थल का जायजा लिया। बछरावां आगमन पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने 'राहुल गो बैक' के नारे लगाए। उल्लेखनीय है कि जनपद में दोपहर एक बजे तक 39.68 प्रतिशत मतदान हो चुका है।

### यूक्रेन-रूस के बीच हमले तेज

**कीव।** रूस ने अपने क्षेत्र में यूक्रेन के लगभग 60 ड्रोन और कई मिसाइल मार गिराने का दावा किया है जबकि कीव ने कहा है कि उसने 30 से अधिक रूसी ड्रोन नष्ट किए हैं। खार्किव के बाहरी इलाके में एक हमले में रविवार को कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त उत्तर-पूर्व इलाके में नए सिरे से आक्रमण शुरू कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी हवाई सुरक्षा ने दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में रात भर में 57 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। स्थानीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन का मलबा स्लावियांस्क-ऑन-क्यूबन शहर में एक तेल रिफाइनरी पर गिरा, लेकिन इससे आग की कोई घटना अथवा किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**अनूपपुर।** अनूपपुर-जैतहरी मुख्य मार्ग से सोमवार सुबह बाइक से रामपुर से कोरबा जा रहे दो युवकों को छुलहा एवं बेलिया फाटक के बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवकों को जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां एक एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरे युवक का उपचार जारी है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के अमलाई थाना अंतर्गत रामपुर गांव के निवासी 28 वर्षीय संतोष कुमार साहू पुत्र अशोक कुमार साहू रविवार को अवकाश होने पर अपने गांव आया था।

### नेपाल की संसद में विपक्षी दलों का गतिरोध

**काठमांडू।** नेपाल की संसद में विपक्षी दलों के गतिरोध के बीच प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को सदन में विश्वास मत पेश किया है। सहकारी घोटाले की जांच के लिए संसदीय समिति पर सहमति नहीं बन पाने के कारण संसद में विपक्षी दलों का हंगामा आज भी हो रहा है। प्रतिनिधि सभा की कार्यसूची में आज प्रधानमंत्री की ओर से विश्वास मत पेश करने का कार्यक्रम तय था लेकिन विपक्षी दलों ने सदन की कार्रवाई शुरू होते ही नारेबाजी शुरू कर दी और स्पीकर के आसन के आगे जमा हो गए। सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले विपक्षी मोर्चा की बैठक में सदन की कार्रवाई अवरोध करने का फैसला लिया गया था।

### सड़क हादसा में एक युवक की मौत

**वाराणसी।** चोलापुर बाजार के समीप सोमवार को सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे की जानकारी पाते ही चोलापुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चोलापुर चंदापुर गांव के दलित बस्ती निवासी सुभाष राम के भतीजे उपेन्द्र की शादी में पूरा परिवार तैयारियों में जुटा था। सुभाष का पुत्र अंकित राम घर में मांगलिक समारोह को देखते हुए सुबह बेलवा बाबा सब्जी मंडी से सब्जी लेने के लिए घर से मोटर साइकिल से निकला था। मंडी से सब्जी लेने के बाद वापस घर लौटते समय चंदापुर आयर लिंक मार्ग पर ईंट लदे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने में मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई।

### जल जीवन मिशन का कार्य पूरा न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**गोपेश्वर।** चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के ग्राम पंचायत काण्डा, क्वीठी, तोली में जल जीवन मिशन के तहत कार्य पूरा न होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर तीनों ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए इसकी जांच की मांग करते हुए संबंधित विभाग को कार्य पूरा करने के निर्देश देने की गुहार लगायी है। ग्राम प्रधान काण्डा संगीता देवी, कवीठी संगीता देवी, तोली साक्षी देवी ने कहा जल जीवन मिशन के तहत दो सालों से पेयजल लाइन का कार्य ठप्प पड़ा हुआ है।

### करनाल में कांग्रेस-इनेलो का नाम लिए बिना गृहमंत्री शाह ने साधा निशाना

# पीओके हमारा है इसे लेकर रहेंगे: शाह

- देश की जनता को पाकिस्तान को जवाब देने वाला पीएम चाहिए
- भाजपा ने इस गंडागर्दी और भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया

**करनाल। एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को करनाल में आयोजित विजय संकल्प जनसभा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि पीओके हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे। गृहमंत्री ने करनाल से कांग्रेस और इंडी गठबंधन को आड़े हाथों लेकर पूछा कि जनता को बताएं कि इस गठबंधन का प्रधानमंत्री कौन होगा। उन्होंने कहा कि जब गठबंधन वालों से यह सवाल पूछा गया तो जवाब मिला कि एक-एक करके पांच प्रधानमंत्री बनाएंगे।

गृहमंत्री अमित शाह ने करनाल में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार मनोहर लाल और विधानसभा उम्मीदवार एवं सीएम नायब सिंह सैनी के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि अब राहुल गांधी को कौन समझाए कि ये परचून की दुकान नहीं, 130 करोड़ लोगों का देश है। देश ऐसे नहीं चलता। शाह ने कहा कि देश की जनता को पाकिस्तान को जवाब देने वाला पीएम चाहिए। अमित शाह ने कांग्रेस और इनेलो का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए कहा कि पहले हरियाणा की सत्ता में एक परिवार आता था तो वह भ्रष्टाचार फैलाता था, दूसरा परिवार सत्ता में आता था तो भाई भतीजावाद गुंडागर्दी फैलाता था। भाजपा ने इस गंडागर्दी और भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया है।

करनाल में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि हमने करनाल को सीएम सिटी बनाया और इस बार भी करनाल ही सीएम सिटी रहेगा। गृहमंत्री ने कहा कि अब मनोहर लाल दिल्ली में सेवाएं देंगे, आपकी आवाज उठाएंगे और सैनी विधानसभा में करनाल का प्रतिनिधित्व करेंगे। कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए शाह ने कहा कि राम मंदिर का कांग्रेस वालों को निमंत्रण दिया गया लेकिन ये लोग नहीं गए। इनकी सोच ठीक नहीं है।

उन्होंने लोगों से मुखातिब होते हुए कहा कि हरियाणा वालों, आपका मोदी जी पर पूरा अधिकार है। जब वह गुजरात में थे तो वहां भी हरियाणा की चिंता करते थे, जब दिल्ली आए तब भी हरियाणा की चिंता करते हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी तो हरियाणा को 41 हजार करोड़ रुपया मिला था, अब मोदी सरकार ने 2 लाख 70 हजार करोड़ रुपया दिया। वन रैंक वन पेंशन का मसला कांग्रेस ने 40 साल लटकाया।

अमित शाह ने कहा कि हरियाणा पूरे देश की भूख भगाने वाला राज्य है। हरियाणा के किसान खाद्य भंडार भरते हैं। अन्न देने में सबसे बड़ा योगदान हरियाणा का है। हरियाणा वीरों की धरती है। यहां का वीर जवान सीमा पर तैनात है। खेलों में भी मेडल की सूची में हरियाणा नंबर वन पर है। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को आड़े हाथों लेते हुए अमित शाह ने कहा कि वन रैंक वन पेंशन को हुड्डा ने लटकाया, कांग्रेस ने 40 साल तक ओआरओपी लटकाए रखा, लेकिन पीएम मोदी ने आते ही सुलझा दिया।

केंद्रीय गृहमंत्री ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि मनोहर लाल ने हरियाणा को 10 साल में विकसित हरियाणा बनाने का काम किया है। गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के 10 साल में हरियाणा को विकास के लिए 41000 करोड रुपये मिला, जबकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने 10 सालों में हरियाणा को 2 लाख 70 हजार करोड़ रुपये विकास कार्यों के लिए दिए हैं।

इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के करनाल पहुंचने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री और करनाल विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी, करनाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी पूर्व सीएम मनोहर लाल ने भव्य स्वागत किया।

### भारी बारिश से आई अचानक बाढ़ से 84 की मौत, कई लापता

**इस्लामाबाद।** उत्तरी अफगानिस्तान में असामान्य रूप से हुई भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में कम से कम 84 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी तालिबान के एक प्रवक्ता ने रविवार को दी। फरयाब प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता इस्मतुल्ला मुरादी ने कहा कि शनिवार रात प्रांत के चार जिलों में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए, आठ लोग लापता है। उन्होंने बताया कि अन्य लोगों की मौत शुक्रवार को आई बाढ़ में हुई। मुरादी ने कहा कि 1,500 मकान पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि बर्बाद हो गई है और 300 से अधिक पशु मारे गए हैं। अफगानिस्तान में असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश हो रही है। पश्चिमी प्रांत गोर के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास के अनुसार, बुरी तरह प्रभावित प्रांत में शुक्रवार को आई बाढ़ से 50 लोगों के मरने की खबर है।

### सपा-भाजपा समर्थक आपस में भिड़े

**फतेहपुर।** जिले में सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए हो रहे मतदान के दौरान सपा व भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। पुलिस ने उपद्रवियों पर बल प्रयोग कर तितर बितर कर भगा मामले का शांत किया। जहानाबाद विधानसभा के सरांय होली गांव में मतदान केन्द्र के बाहर गलत वोट करने को लेकर समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के बीच आपस में कहासुनी होने लगी।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में पेड़ से लटका हुआ एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार को रानीपुर कोतवाली पुलिस को बीएचईएल फाउंड्री गेट के पास जंगल में आम के पेड़ से एक युवक का शव लटके होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने नायलॉन की रस्सी के फंदे से झूल रहे शव को पेड़ से नीचे उतारा।

## देहरादून : पूरे देश में मोदी की लहर : धामी

**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देश के स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। इसके कारण वे लोकसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार के लिए ताबड़तोड़ दौरे कर रहे हैं। केवल दिल्ली में ही मुख्यमंत्री की दो जनसभा हुईं। जनसभा के बाद मुख्यमंत्री देहरादून पहुंचे जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत की। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि पूरे देश में इस समय प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है। ऐसे में लोगों में काफी उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज हर कोई लोकतंत्र के इस महायज्ञ में मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपनी आहुति देने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री ने अपने दिल्ली के चुनावी कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद सोमवार को उत्तराखंड पहुंचने पर सचिवालय में चारधाम यात्रा पेयजल और विद्युत आपूर्ति को लेकर शासन के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इसमें व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने और धामों में बिजली पानी आपूर्ति सुव्यवस्थित करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चारों धामों में पूरे देश से अत्यधिक मात्रा में लोग पहुंच रहे हैं, जो धामों की क्षमता से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर होल्ड किए जाने वाले यात्रियों को भी बेहतर सुविधा देने का काम किया जा रहा है, जिससे उनकी यात्रा भी सफल हो सके।

### खरगोन के छात्र ने की अपने दोस्त की हत्या

**खंडवा।** खंडवा में खरगोन के एक छात्र की उसके ही दोस्तों ने हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपितों ने उसके शव को जंगल में गाड़ दिया। छात्र 17 मई से लापता था। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने शक के आधार पर एक दोस्त को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपराध कबूल किया। आरोपित की निशानदेही पर सोमवार दोपहर 12 बजे शव गड्ढे से निकाला गया। पुलिस की जांच आपसी विवाद और प्रेम प्रसंग के एंगल पर टिकी हुई है। जानकारी अनुसार 22 साल का पंकज करोड़े (गुर्जर) खरगोन में भीकनगांव के सिराली गांव का रहने वाला था। वह सनावद में बीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। पंकज के पिता पूनमचंद करोड़े किसान हैं। छोटा भाई चंदन इंदौर में पढ़ाई कर रहा है। पंकज ने 17 मई को पिता को फोन कर बताया था कि वह घर आ रहा है लेकिन रात 10 बजे तक नहीं पहुंचा।

## मतदान के बाद बोले राजनाथ 'अबकी बार चार सौ पार'

- देश के विकास के लिए शत प्रतिशत मतदान कीजिए
- कोई मतदाता मतदान करने से छूटना नहीं चाहिए

**लखनऊ। एजेंसी**

लखनऊ में गोमती नगर स्थित स्कॉलर होम स्कूल मतदान केन्द्र पर रक्षा मंत्री और लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने अपने परिवार के साथ मतदान किया। मतदान करने के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि अबकी बार एनडीए चार सौ पार अर्थात चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रहा है। भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों को मिलाकर बने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का चार चरणों में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। पांचवे चरण में भी एनडीए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बाकि बचे चरणों में भी हमारे प्रत्याशी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अब देश में चार सौ से ज्यादा सीटें जीतकर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। मतदान के लिए अपने आवास से निकलते हुए राजनाथ सिंह ने अपने समर्थकों को मतदान करने की अपील की। लखनऊ के मतदाताओं से राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के विकास के लिए शत प्रतिशत मतदान कीजिए। कोई मतदाता मतदान करने से छूटना नहीं चाहिए। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डा.दिनेश शर्मा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी मौजूद रहें।

## ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम, हेलिकॉप्टर हादसे में कर्तव्य पथ पर शहीद!

**तेहरान। एजेंसी**

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी (63) का हेलिकॉप्टर दुर्घटना में इंतकाल हो गया। ईरान स्टेट की संवाद समिति 'इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) ने अपनी रिपोर्ट में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों के हवाले से इसकी घोषणा की है। हालांकि ईरान की सरकार ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। उम्मीद है जल्द ही सरकार आधिकारिक घोषणा करेगी। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर का मलबा अजरबैजान की पहाड़ियों पर मिल गया है। हेलिकॉप्टर में राष्ट्रपति के साथ ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन समेत नौ लोग सवार थे। इरान के प्रमुख समाचार पत्र तेहरान टाइम्स और इरान इंटरनेशनल (अंग्रेजी संस्करण) की रिपोर्ट में हेलिकॉप्टर का मलबा मिलने की पुष्टि हुई है।

इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी के अनुसार, रईसी 19 मई की सुबह अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने गए थे। लौटते वक्त अजरबैजान की सीमा के करीब ईरान के वरजेघन शहर में यह हादसा हुआ। अधिकारियों का कहना है कि ईरानी राष्ट्रपति रईसी अमेरिका में बने बेल 212 हेलिकॉप्टर पर सवार थे। दो ब्लेड वाला यह एयरक्राफ्ट मीडियम साइज का हेलिकॉप्टर है। इसमें पायलट सहित 15 लोग बैठ सकते हैं। इसमें राष्ट्रपति रईसी, विदेश मंत्री होसैन के अलावा हेलिकॉप्टर में पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मलिक रहमती, तबरीज के इमाम मोहम्मद अली अलेहाशेम, एक पायलट, को-पायलट, क्रू चीफ, हेड ऑफ सिक्योरिटी और बॉडीगार्ड सवार थे। उनका हेलिकॉप्टर रविवार शाम 7:30 बजे अजरबैजान के पास लापता हो गया था।

## विपक्ष के पास झूठ और हमारे पास विकास का रोड मैप: सैनी

**करनाल। एजेंसी**

प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने सोमवार को करनाल के दशहरा ग्राउंड में आयोजित विजय संकल्प रैली में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। विपक्ष के पास झूठ के सिवाय कुछ नहीं, जबकि हमारे पास विकास का रोड मैप है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अब ये कांग्रेसी कह रहे हैं कि यदि नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनेगी तो वह संविधान को समाप्त कर देंगे, जबकि अभी तक संविधान को समाप्त करने का काम कांग्रेस ने ही किया है। विजय संकल्प रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए सैनी ने कहा कि गृहमंत्री, जिन्होंने लंबे समय से देश की समस्या को एक झटके में समाप्त कर दिया, अनुच्छेद 370 को हटा दिया, आज करनाल की पवित्र भूमि पर आए हैं। मैं उनका बहुत-बहुत स्वागत और धन्यवाद करता हूं। सैनी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को भाजपा को वोट दें, दिल्ली में मोदी मजबूत होंगे। प्रदेश की सभी 10 सीटों पर कमल का फूल खिलने से विकास की गति तेज होगी।

### पुलिस ने एक आरोपित को किया गिरफ्तार

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक चोरी की बाइक व स्कूटी बरामद की है। 19 मई को कुंज गोस्वामी निवासी श्रवण नाथ नगर कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार और हिमांशु पुत्र पवन कुमार निवासी सीतापुर कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार ने तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ बाइक सख्या यूके 08 पी 4087 व स्कूटी संख्या यूके 08 पी 4087 चोरी कर ले जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने चेकिंग के दौरान सोमवार को एक आरोपित नरेंद्र शर्मा पुत्र साधुराम शर्मा निवासी ग्राम उगालन थाना बास, जिला हिसार, हरियाणा हाल निवासी शास्त्री नगर कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार को चोरी की बाइक यूके 08 पी 4087 के साथ नहर पटरी निकट रेगुलेटर पुल के पास से गिरफ्तार किया।

### भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने लाइन में लगकर किया मतदान

## भारत के भविष्य के लिए वोट देकर जिम्मेदारी का निर्वहन करें: स्मृति

- विकसित भारत के लाल, गरीब कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण के लिए वोट करें
- अपने मतदान केंद्र पर जाकर इस उत्सव में सहभागी बनें

**अमेठी। एजेंसी**

लोकसभा सीट अमेठी के विधानसभा गौरीगंज स्थित मेदन मवई गांव के बूथ संख्या 347 पर केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा की प्रत्याशी स्मृति ईरानी पहुंची और आम मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर अपना मतदान किया। स्मृति ईरानी पहली ऐसी सांसद हैं जो सांसद रहते हुए स्वयं के लिए मतदान किया है। इसके पहले राहुल गांधी सहित कई नेता अमेठी से लगातार कई बार सांसद रहे, लेकिन उन लोगों का अपना मत अपनी लोकसभा सीट पर नहीं पड़ा। मतदान करने के बाद भाजपा की उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सर्वप्रथम देश के हर भारतीय को आज लोकतंत्र के इस महापर्व की हार्दिक बधाई।

- अपने गांव में विकसित भारत के संकल्प के लाल, गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक नेता को अपना समर्थन दिया

आज यह मेरा सौभाग्य है कि मैं गौरीगंज में अपने गांव में विकसित भारत के संकल्प के लाल, गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक नेता को अपना समर्थन दिया है। आज मैं सभी हिंदुस्तानी भाइयों से निवेदन करती हूं कि वह शीघ्र अतिशीघ्र अपने मतदान केंद्र पर जाकर इस उत्सव में सहभागी बनें। भारत और भारत के भविष्य के प्रति यह जिम्मेदारी है इसका निर्वहन करें। मैं पुनः कहती हूं कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज गौरीगंज में विकसित भारत के संकल्प के साथ गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक नेता और राष्ट्र सेवक को मैंने अपना मत दिया है। इसी के साथ ही मैं अभिलाषी हूं की जनता अपना आशीर्वाद उन्हें निरंतर देती रहे।

इसके बाद भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर निकल गईं और पांचों विधानसभाओं के कई बूथों पर पहुंचकर मतदान की स्थिति देख रही हैं।

## खटारा इंजन कहने वाले अखिलेश यादव को जनता देगी करारा जवाब : साध्वी

**हमीरपुर। एजेंसी**

केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सोमवार को यहां हमीरपुर शहर आई और पांचवें चरण के मतदान में वोट देकर आम लोगों से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने अखिलेश यादव पर तीखा हमला कर कहा कि वह सरकार को खटारा इंजन कहकर बदलने की बात कही है, आज जनता उन्हें वोट की ताकत से करारा जवाब देगी।

केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वीं निरंजन ज्योति फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। वह हमीरपुर जिले के पत्योरा गांव की रहने वाली है। आज साध्वीं हमीरपुर आकर मतदान में हिस्सा लिया। विद्यामंदिर इंटरकालेज में वोट देने के बाद उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी के गठबंधन का हाल पिछले चुनाव की तरह ही होगा। कहा कि अखिलेश ने उन्हें खटारा इंजन कहकर बड़ी टिप्पणी की, जिसका जवाब आज जनता देगी। कहा कि देश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने भी राजकीय इंटरकालेज में मतदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि एकतरफा चुनाव है। जनता ही चुनाव लड़ रही है।

इसीलिए इस बार भी भाजपा की केन्द्र में तीसरी बार सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। जनता विपक्ष को पिछले चुनाव में नकार चुकी है। संसदीय क्षेत्र में अब तापमान बढ़ने के कारण पोलिंग बूथों पर अब मतदाता कम संख्या में पहुंच रहे हैं, जबकि सड़कों पर सन्नाटा भी पसरने लगा है। अभी तक संसदीय क्षेत्र में 28.24 फीसदी मतदान हो चुका है।

## एक नजर

### रायबरेली : राहुल गांधी ने हनुमान मंदिर में की पूजा, बूथों का लिया जायजा

**रायबरेली।** रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी सोमवार दोपहर को जनपद पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले चूरूआ के पीपलेश्वर हनुमान मंदिर में पूजा पाठ की। इसके बाद बूथों का जाएजा लिया और लोगों संग फोटो खिंचवायी। राहुल गांधी का काफिला बछरांवा के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में बने मतदेय स्थल पर पहुंचा,जहां उन्होंने बूथों पर मौजूद कांग्रेस एजेंटों से भी बात की और चुनाव का हालचाल जाना। राहुल गांधी को देखकर कई महिलाओं ने उनके साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान वह एक बच्चे को दुलारते हुए नजर आये। वहां से राहुल हरचंदपुर विधानसभा के मतदेय स्थलों पर पहुंचकर मतदान स्थल का जायजा लिया। बछरावां आगमन पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने 'राहुल गो बैक' के नारे लगाए। उल्लेखनीय है कि जनपद में दोपहर एक बजे तक 39.68 प्रतिशत मतदान हो चुका है।

### यूक्रेन-रूस के बीच हमले तेज

**कीव।** रूस ने अपने क्षेत्र में यूक्रेन के लगभग 60 ड्रोन और कई मिसाइल मार गिराने का दावा किया है जबकि कीव ने कहा है कि उसने 30 से अधिक रूसी ड्रोन नष्ट किए हैं। खार्किव के बाहरी इलाके में एक हमले में रविवार को कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त उत्तर-पूर्व इलाके में नए सिरे से आक्रमण शुरू कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी हवाई सुरक्षा ने दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में रात भर में 57 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। स्थानीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन का मलबा स्लावियांस्क-ऑन-क्यूबन शहर में एक तेल रिफाइनरी पर गिरा, लेकिन इससे आग की कोई घटना अथवा किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**अनूपपुर।** अनूपपुर-जैतहरी मुख्य मार्ग से सोमवार सुबह बाइक से रामपुर से कोरबा जा रहे दो युवकों को छुलहा एवं बेलिया फाटक के बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवकों को जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां एक एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरे युवक का उपचार जारी है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के अमलाई थाना अंतर्गत रामपुर गांव के निवासी 28 वर्षीय संतोष कुमार साहू पुत्र अशोक कुमार साहू रविवार को अवकाश होने पर अपने गांव आया था।

### नेपाल की संसद में विपक्षी दलों का गतिरोध

**काठमांडू।** नेपाल की संसद में विपक्षी दलों के गतिरोध के बीच प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को सदन में विश्वास मत पेश किया है। सहकारी घोटाले की जांच के लिए संसदीय समिति पर सहमति नहीं बन पाने के कारण संसद में विपक्षी दलों का हंगामा आज भी हो रहा है। प्रतिनिधि सभा की कार्यसूची में आज प्रधानमंत्री की ओर से विश्वास मत पेश करने का कार्यक्रम तय था लेकिन विपक्षी दलों ने सदन की कार्रवाई शुरू होते ही नारेबाजी शुरू कर दी और स्पीकर के आसन के आगे जमा हो गए। सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले विपक्षी मोर्चा की बैठक में सदन की कार्रवाई अवरोध करने का फैसला लिया गया था।

### सड़क हादसा में एक युवक की मौत

**वाराणसी।** चोलापुर बाजार के समीप सोमवार को सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे की जानकारी पाते ही चोलापुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चोलापुर चंदापुर गांव के दलित बस्ती निवासी सुभाष राम के भतीजे उपेन्द्र की शादी में पूरा परिवार तैयारियों में जुटा था। सुभाष का पुत्र अंकित राम घर में मांगलिक समारोह को देखते हुए सुबह बेलवा बाबा सब्जी मंडी से सब्जी लेने के लिए घर से मोटर साइकिल से निकला था। मंडी से सब्जी लेने के बाद वापस घर लौटते समय चंदापुर आयर लिंक मार्ग पर ईंट लदे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने में मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई।

### जल जीवन मिशन का कार्य पूरा न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**गोपेश्वर।** चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के ग्राम पंचायत काण्डा, क्वीठी, तोली में जल जीवन मिशन के तहत कार्य पूरा न होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर तीनों ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए इसकी जांच की मांग करते हुए संबंधित विभाग को कार्य पूरा करने के निर्देश देने की गुहार लगायी है। ग्राम प्रधान काण्डा संगीता देवी, कवीठी संगीता देवी, तोली साक्षी देवी ने कहा जल जीवन मिशन के तहत दो सालों से पेयजल लाइन का कार्य ठप्प पड़ा हुआ है।

### करनाल में कांग्रेस-इनेलो का नाम लिए बिना गृहमंत्री शाह ने साधा निशाना

# पीओके हमारा है इसे लेकर रहेंगे: शाह

- देश की जनता को पाकिस्तान को जवाब देने वाला पीएम चाहिए
- भाजपा ने इस गंडागर्दी और भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया

**करनाल। एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को करनाल में आयोजित विजय संकल्प जनसभा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि पीओके हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे। गृहमंत्री ने करनाल से कांग्रेस और इंडी गठबंधन को आड़े हाथों लेकर पूछा कि जनता को बताएं कि इस गठबंधन का प्रधानमंत्री कौन होगा। उन्होंने कहा कि जब गठबंधन वालों से यह सवाल पूछा गया तो जवाब मिला कि एक-एक करके पांच प्रधानमंत्री बनाएंगे।

गृहमंत्री अमित शाह ने करनाल में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार मनोहर लाल और विधानसभा उम्मीदवार एवं सीएम नायब सिंह सैनी के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि अब राहुल गांधी को कौन समझाए कि ये परचून की दुकान नहीं, 130 करोड़ लोगों का देश है। देश ऐसे नहीं चलता। शाह ने कहा कि देश की जनता को पाकिस्तान को जवाब देने वाला पीएम चाहिए। अमित शाह ने कांग्रेस और इनेलो का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए कहा कि पहले हरियाणा की सत्ता में एक परिवार आता था तो वह भ्रष्टाचार फैलाता था, दूसरा परिवार सत्ता में आता था तो भाई भतीजावाद गुंडागर्दी फैलाता था। भाजपा ने इस गंडागर्दी और भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया है।

करनाल में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि हमने करनाल को सीएम सिटी बनाया और इस बार भी करनाल ही सीएम सिटी रहेगा। गृहमंत्री ने कहा कि अब मनोहर लाल दिल्ली में सेवाएं देंगे, आपकी आवाज उठाएंगे और सैनी विधानसभा में करनाल का प्रतिनिधित्व करेंगे। कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए शाह ने कहा कि राम मंदिर का कांग्रेस वालों को निमंत्रण दिया गया लेकिन ये लोग नहीं गए। इनकी सोच ठीक नहीं है।

उन्होंने लोगों से मुखातिब होते हुए कहा कि हरियाणा वालों, आपका मोदी जी पर पूरा अधिकार है। जब वह गुजरात में थे तो वहां भी हरियाणा की चिंता करते थे, जब दिल्ली आए तब भी हरियाणा की चिंता करते हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी तो हरियाणा को 41 हजार करोड़ रुपया मिला था, अब मोदी सरकार ने 2 लाख 70 हजार करोड़ रुपया दिया। वन रैंक वन पेंशन का मसला कांग्रेस ने 40 साल लटकाया।

अमित शाह ने कहा कि हरियाणा पूरे देश की भूख भगाने वाला राज्य है। हरियाणा के किसान खाद्य भंडार भरते हैं। अन्न देने में सबसे बड़ा योगदान हरियाणा का है। हरियाणा वीरों की धरती है। यहां का वीर जवान सीमा पर तैनात है। खेलों में भी मेडल की सूची में हरियाणा नंबर वन पर है। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को आड़े हाथों लेते हुए अमित शाह ने कहा कि वन रैंक वन पेंशन को हुड्डा ने लटकाया, कांग्रेस ने 40 साल तक ओआरओपी लटकाए रखा, लेकिन पीएम मोदी ने आते ही सुलझा दिया।

केंद्रीय गृहमंत्री ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि मनोहर लाल ने हरियाणा को 10 साल में विकसित हरियाणा बनाने का काम किया है। गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के 10 साल में हरियाणा को विकास के लिए 41000 करोड रुपये मिला, जबकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने 10 सालों में हरियाणा को 2 लाख 70 हजार करोड़ रुपये विकास कार्यों के लिए दिए हैं।

इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के करनाल पहुंचने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री और करनाल विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी, करनाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी पूर्व सीएम मनोहर लाल ने भव्य स्वागत किया।

### भारी बारिश से आई अचानक बाढ़ से 84 की मौत, कई लापता

**इस्लामाबाद।** उत्तरी अफगानिस्तान में असामान्य रूप से हुई भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में कम से कम 84 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी तालिबान के एक प्रवक्ता ने रविवार को दी। फरयाब प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता इस्मतुल्ला मुरादी ने कहा कि शनिवार रात प्रांत के चार जिलों में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए, आठ लोग लापता है। उन्होंने बताया कि अन्य लोगों की मौत शुक्रवार को आई बाढ़ में हुई। मुरादी ने कहा कि 1,500 मकान पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि बर्बाद हो गई है और 300 से अधिक पशु मारे गए हैं। अफगानिस्तान में असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश हो रही है। पश्चिमी प्रांत गोर के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास के अनुसार, बुरी तरह प्रभावित प्रांत में शुक्रवार को आई बाढ़ से 50 लोगों के मरने की खबर है।

### सपा-भाजपा समर्थक आपस में भिड़े

**फतेहपुर।** जिले में सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए हो रहे मतदान के दौरान सपा व भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। पुलिस ने उपद्रवियों पर बल प्रयोग कर तितर बितर कर भगा मामले का शांत किया। जहानाबाद विधानसभा के सरांय होली गांव में मतदान केन्द्र के बाहर गलत वोट करने को लेकर समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के बीच आपस में कहासुनी होने लगी।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में पेड़ से लटका हुआ एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार को रानीपुर कोतवाली पुलिस को बीएचईएल फाउंड्री गेट के पास जंगल में आम के पेड़ से एक युवक का शव लटके होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने नायलॉन की रस्सी के फंदे से झूल रहे शव को पेड़ से नीचे उतारा।

## देहरादून : पूरे देश में मोदी की लहर : धामी

**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देश के स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। इसके कारण वे लोकसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार के लिए ताबड़तोड़ दौरे कर रहे हैं। केवल दिल्ली में ही मुख्यमंत्री की दो जनसभा हुईं। जनसभा के बाद मुख्यमंत्री देहरादून पहुंचे जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत की। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि पूरे देश में इस समय प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है। ऐसे में लोगों में काफी उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज हर कोई लोकतंत्र के इस महायज्ञ में मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपनी आहुति देने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री ने अपने दिल्ली के चुनावी कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद सोमवार को उत्तराखंड पहुंचने पर सचिवालय में चारधाम यात्रा पेयजल और विद्युत आपूर्ति को लेकर शासन के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इसमें व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने और धामों में बिजली पानी आपूर्ति सुव्यवस्थित करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चारों धामों में पूरे देश से अत्यधिक मात्रा में लोग पहुंच रहे हैं, जो धामों की क्षमता से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर होल्ड किए जाने वाले यात्रियों को भी बेहतर सुविधा देने का काम किया जा रहा है, जिससे उनकी यात्रा भी सफल हो सके।

### खरगोन के छात्र ने की अपने दोस्त की हत्या

**खंडवा।** खंडवा में खरगोन के एक छात्र की उसके ही दोस्तों ने हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपितों ने उसके शव को जंगल में गाड़ दिया। छात्र 17 मई से लापता था। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने शक के आधार पर एक दोस्त को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपराध कबूल किया। आरोपित की निशानदेही पर सोमवार दोपहर 12 बजे शव गड्ढे से निकाला गया। पुलिस की जांच आपसी विवाद और प्रेम प्रसंग के एंगल पर टिकी हुई है। जानकारी अनुसार 22 साल का पंकज करोड़े (गुर्जर) खरगोन में भीकनगांव के सिराली गांव का रहने वाला था। वह सनावद में बीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। पंकज के पिता पूनमचंद करोड़े किसान हैं। छोटा भाई चंदन इंदौर में पढ़ाई कर रहा है। पंकज ने 17 मई को पिता को फोन कर बताया था कि वह घर आ रहा है लेकिन रात 10 बजे तक नहीं पहुंचा।

## मतदान के बाद बोले राजनाथ 'अबकी बार चार सौ पार'

**लखनऊ। एजेंसी**

लखनऊ में गोमती नगर स्थित स्कॉलर होम स्कूल मतदान केन्द्र पर रक्षा मंत्री और लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने अपने परिवार के साथ मतदान किया। मतदान करने के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि अबकी बार एनडीए चार सौ पार अर्थात चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रहा है। भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों को मिलाकर बने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का चार चरणों में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। पांचवे चरण में भी एनडीए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बाकि बचे चरणों में भी हमारे प्रत्याशी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अब देश में चार सौ से ज्यादा सीटें जीतकर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। मतदान के लिए अपने आवास से निकलते हुए राजनाथ सिंह ने अपने समर्थकों को मतदान करने की अपील की। लखनऊ के मतदाताओं से राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के विकास के लिए शत प्रतिशत मतदान कीजिए। कोई मतदाता मतदान करने से छूटना नहीं चाहिए। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डा.दिनेश शर्मा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी मौजूद रहें।

- देश के विकास के लिए शत प्रतिशत मतदान कीजिए
- कोई मतदाता मतदान करने से छूटना नहीं चाहिए

## ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम, हेलिकॉप्टर हादसे में कर्तव्य पथ पर शहीद!

**तेहरान। एजेंसी**

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी (63) का हेलिकॉप्टर दुर्घटना में इंतकाल हो गया। ईरान स्टेट की संवाद समिति 'इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) ने अपनी रिपोर्ट में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों के हवाले से इसकी घोषणा की है। हालांकि ईरान की सरकार ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है। उम्मीद है जल्द ही सरकार आधिकारिक घोषणा करेगी। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर का मलबा अजरबैजान की पहाड़ियों पर मिल गया है। हेलिकॉप्टर में राष्ट्रपति के साथ ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन समेत नौ लोग सवार थे। इरान के प्रमुख समाचार पत्र तेहरान टाइम्स और इरान इंटरनेशनल (अंग्रेजी संस्करण) की रिपोर्ट में हेलिकॉप्टर का मलबा मिलने की पुष्टि हुई है।

इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी के अनुसार, रईसी 19 मई की सुबह अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने गए थे। लौटते वक्त अजरबैजान की सीमा के करीब ईरान के वरजेघन शहर में यह हादसा हुआ। अधिकारियों का कहना है कि ईरानी राष्ट्रपति रईसी अमेरिका में बने बेल 212 हेलिकॉप्टर पर सवार थे। दो ब्लेड वाला यह एयरक्राफ्ट मीडियम साइज का हेलिकॉप्टर है। इसमें पायलट सहित 15 लोग बैठ सकते हैं। इसमें राष्ट्रपति रईसी, विदेश मंत्री होसैन के अलावा हेलिकॉप्टर में पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर मलिक रहमती, तबरीज के इमाम मोहम्मद अली अलेहाशेम, एक पायलट, को-पायलट, क्रू चीफ, हेड ऑफ सिक्योरिटी और बॉडीगार्ड सवार थे। उनका हेलिकॉप्टर रविवार शाम 7:30 बजे अजरबैजान के पास लापता हो गया था।

## विपक्ष के पास झूठ और हमारे पास विकास का रोड मैप: सैनी

**करनाल। एजेंसी**

प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने सोमवार को करनाल के दशहरा ग्राउंड में आयोजित विजय संकल्प रैली में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। विपक्ष के पास झूठ के सिवाय कुछ नहीं, जबकि हमारे पास विकास का रोड मैप है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अब ये कांग्रेसी कह रहे हैं कि यदि नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनेगी तो वह संविधान को समाप्त कर देंगे, जबकि अभी तक संविधान को समाप्त करने का काम कांग्रेस ने ही किया है। विजय संकल्प रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए सैनी ने कहा कि गृहमंत्री, जिन्होंने लंबे समय से देश की समस्या को एक झटके में समाप्त कर दिया, अनुच्छेद 370 को हटा दिया, आज करनाल की पवित्र भूमि पर आए हैं। मैं उनका बहुत-बहुत स्वागत और धन्यवाद करता हूं। सैनी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को भाजपा को वोट दें, दिल्ली में मोदी मजबूत होंगे। प्रदेश की सभी 10 सीटों पर कमल का फूल खिलने से विकास की गति तेज होगी।

### पुलिस ने एक आरोपित को किया गिरफ्तार

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक चोरी की बाइक व स्कूटी बरामद की है। 19 मई को कुंज गोस्वामी निवासी श्रवण नाथ नगर कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार और हिमांशु पुत्र पवन कुमार निवासी सीतापुर कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार ने तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ बाइक सख्या यूके 08 पी 4087 व स्कूटी संख्या यूके 08 पी 4087 चोरी कर ले जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने चेकिंग के दौरान सोमवार को एक आरोपित नरेंद्र शर्मा पुत्र साधुराम शर्मा निवासी ग्राम उगालन थाना बास, जिला हिसार, हरियाणा हाल निवासी शास्त्री नगर कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार को चोरी की बाइक यूके 08 पी 4087 के साथ नहर पटरी निकट रेगुलेटर पुल के पास से गिरफ्तार किया।

### भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने लाइन में लगकर किया मतदान

## भारत के भविष्य के लिए वोट देकर जिम्मेदारी का निर्वहन करें: स्मृति

- विकसित भारत के लाल, गरीब कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण के लिए वोट करें
- अपने मतदान केंद्र पर जाकर इस उत्सव में सहभागी बनें

**अमेठी। एजेंसी**

लोकसभा सीट अमेठी के विधानसभा गौरीगंज स्थित मेदन मवई गांव के बूथ संख्या 347 पर केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा की प्रत्याशी स्मृति ईरानी पहुंची और आम मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर अपना मतदान किया। स्मृति ईरानी पहली ऐसी सांसद हैं जो सांसद रहते हुए स्वयं के लिए मतदान किया है। इसके पहले राहुल गांधी सहित कई नेता अमेठी से लगातार कई बार सांसद रहे, लेकिन उन लोगों का अपना मत अपनी लोकसभा सीट पर नहीं पड़ा। मतदान करने के बाद भाजपा की उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सर्वप्रथम देश के हर भारतीय को आज लोकतंत्र के इस महापर्व की हार्दिक बधाई।

> ● अपने गांव में विकसित भारत के संकल्प के लाल, गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक नेता को अपना समर्थन दिया

आज यह मेरा सौभाग्य है कि मैं गौरीगंज में अपने गांव में विकसित भारत के संकल्प के लाल, गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक नेता को अपना समर्थन दिया है। आज मैं सभी हिंदुस्तानी भाइयों से निवेदन करती हूं कि वह शीघ्र अतिशीघ्र अपने मतदान केंद्र पर जाकर इस उत्सव में सहभागी बनें। भारत और भारत के भविष्य के प्रति यह जिम्मेदारी है इसका निर्वहन करें। मैं पुनः कहती हूं कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज गौरीगंज में विकसित भारत के संकल्प के साथ गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक नेता और राष्ट्र सेवक को मैंने अपना मत दिया है। इसी के साथ ही मैं अभिलाषी हूं की जनता अपना आशीर्वाद उन्हें निरंतर देती रहे।

इसके बाद भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर निकल गईं और पांचों विधानसभाओं के कई बूथों पर पहुंचकर मतदान की स्थिति देख रही हैं।

## खटारा इंजन कहने वाले अखिलेश यादव को जनता देगी करारा जवाब : साध्वी

**हमीरपुर। एजेंसी**

केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सोमवार को यहां हमीरपुर शहर आई और पांचवें चरण के मतदान में वोट देकर आम लोगों से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने अखिलेश यादव पर तीखा हमला कर कहा कि वह सरकार को खटारा इंजन कहकर बदलने की बात कही है, आज जनता उन्हें वोट की ताकत से करारा जवाब देगी।

केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वीं निरंजन ज्योति फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। वह हमीरपुर जिले के पत्योरा गांव की रहने वाली है। आज साध्वीं हमीरपुर आकर मतदान में हिस्सा लिया। विद्यामंदिर इंटरकालेज में वोट देने के बाद उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी के गठबंधन का हाल पिछले चुनाव की तरह ही होगा। कहा कि अखिलेश ने उन्हें खटारा इंजन कहकर बड़ी टिप्पणी की, जिसका जवाब आज जनता देगी। कहा कि देश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने भी राजकीय इंटरकालेज में मतदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि एकतरफा चुनाव है। जनता ही चुनाव लड़ रही है।

इसीलिए इस बार भी भाजपा की केन्द्र में तीसरी बार सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। जनता विपक्ष को पिछले चुनाव में नकार चुकी है। संसदीय क्षेत्र में अब तापमान बढ़ने के कारण पोलिंग बूथों पर अब मतदाता कम संख्या में पहुंच रहे हैं, जबकि सड़कों पर सन्नाटा भी पसरने लगा है। अभी तक संसदीय क्षेत्र में 28.24 फीसदी मतदान हो चुका है।

## एक नजर

### मैनचेस्टर सिटी ने रचा इतिहास, लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब जीता

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने रविवार को वेस्ट हैम यूनाइटेड को 3-1 से हराकर लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। मैनचेस्टर सिटी ने मैच में आक्रामक शुरूआत की और केवल 79वें सेंकेड में ही फिल फोडेन ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद 18वें मिनट में फोडेन ने जेरेमी डोकू के क्रॉस को गोल पोस्ट में डालकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हालाँकि, मोहम्मद कुदुस ने हाफटाइम से ठीक पहले (42वें मिनट) में गोल कर वेस्ट हैम का खाता खोल दिया। हाफ टाइम तक मैनचेस्टर सिटी 2-1 से आगे थी। मैच के 59वें मिनट में रोड्री ने गोल कर मैनचेस्टर सिटी को 3-1 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इसके साथ ही मैनचेस्टर सिटी ने लगातार चौथी बार प्रीमियर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। फोडेन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। जिसमें उन्होंने अपनी टीम के लिए दो गोल किए। मैच के बाद स्काई स्पोर्ट्स के हवाले से फोडेन ने कहा, ₹सिर्फ मैं ही नहीं, सभी लड़कों ने महत्वपूर्ण प्रदर्शन किया है। हमने इस परिदृश्य को खेला है। हम आश्वस्त थे। ये एहसास कभी पुराना नहीं होगा। मैं हमेशा यह जीत का एहसास चाहता हूँ। बता दें कि कोच पेप गार्डियोला के कमान संभालने के बाद से मैनचेस्टर सिटी ने अपनी 17वीं ट्रॉफी और यूईएफए यूरोपीय सुपर कप और फीफा क्लब विश्व कप जीतने के बाद इस सीजन की तीसरी ट्रॉफी जीती।

### प्रीति, निशाद कुमार, दीप्ति और रवि रोंगाली ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 कोटा हासिल किया

**कोबे।** भारतीय पैरा-एथलीट प्रीति पाल, निशाद कुमार, दीप्ति जीवनजी और रवि रोंगाली ने कोबे पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2024 के तीसरे दिन रविवार को पेरिस पैरालिंपिक 2024 कोटा हासिल किया। भारत की प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर टी35 श्रेणी में कांस्य पदक जीता, जिससे तीसरे दिन के बाद भारत के पदकों की संख्या 2 हो गई। इससे पहले, टोक्यो 2020 पैरालिंपिक रजत पदक विजेता, निशाद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के अविश्वसनीय सीजन-सर्वश्रेष्ठ निशान के साथ रजत पदक जीता। इसके अतिरिक्त, 1.90 मीटर के अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ राम पाल छठे स्थान पर रहे। दीप्ति जीवनजी ने 56.18 सेकंड के समय के साथ एक नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करते हुए महिलाओं की 400 मीटर टी20 हीट के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। खेलो इंडिया के पैरा एथलीट रवि रोंगाली ने पुरुषों के शॉटपुट त्र40 में 9.75 मीटर के थ्रो के साथ भारत के लिए पेरिस पैरालिंपिक 2024 कोटा हासिल किया।

### जय शाह ने उत्तर-पूर्व क्षेत्र में बीसीसीआई के प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने भारत के उत्तर-पूर्व हिस्से में बोर्ड की आगामी अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखी, जो क्षेत्र के छह राज्यों को उन्नत बुनियादी ढांचे के माध्यम से अपने खिलाड़ियों के खेल को बढ़ाने में मदद करेगा। शाह ने कहा कि उत्तर-पूर्व भारत के छह राज्यों-अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम को साल भर के प्रशिक्षण विकल्पों के लिए विश्व स्तरीय इनडोर नेट, इनडोर स्विमिंग पूल और फिटनेस सेंटर से लाभ होगा। शाह ने ट्वीट किया। पूर्वोत्तर में बीसीसीआई की आगामी अत्याधुनिक इनडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। छह राज्यों-अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम - के हमारे क्रिकेटरों को जल्द ही लाभ मिलेगा। मिजोरम में नए पवेलियन के लॉन्च के साथ, साल भर के प्रशिक्षण विकल्पों के लिए विश्व स्तरीय इनडोर नेट, इनडोर स्विमिंग पूल और फिटनेस सेंटर, क्षेत्र में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में बड़ा कदम है, आने वाला समय रोमांचक है।

# टी-20 में सर्वाधिक छक्के लगाने वाली टीम बनी हैदराबाद, आरसीबी को छोड़ा पीछे

- पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच गेंद शेष रहते 215 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया
- हैदराबाद ने मैच में कुल 14 छक्के लगाए

**नई दिल्ली। एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पीछे छोड़ते हुए एक ही टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम बन गई। हैदराबाद ने रविवार शाम पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 69वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन की जोरदार पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच गेंद शेष रहते 215 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हैदराबाद ने मैच में कुल 14 छक्के लगाए, जिससे मौजूदा संस्करण में उनके छक्कों की संख्या 160 हो गई, जबकि दूसरी ओर, फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम के नाम कुल 157 छक्के हैं। टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली सूची में अन्य टीमें चेन्नई सुपर किंग्स (आईपीएल 2018 में 145), सरे (टी20 ब्लास्ट 2023 में 144) और कोलकाता नाइट राइडर्स (आईपीएल 2019 में 143) हैं। इस मैच में, एसआरएच ने मौजूदा आईपीएल 2024 में अपने नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज किया। हैदराबाद स्थित फ्रेंचाइजी ने एक एकल आईपीएल संस्करण में सबसे अधिक छह बार 200 से अधिक का स्कोर बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके पहले कोलकाता नाइट राइडर्स, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी 6-6 बार 200 के स्कोर को छुआ है।

बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरूआत खराब रही और ट्रैविस हेड बिना किसी स्कोर के चलते बने, लेकिन इसके बाद अभिषेक शर्मा (28 गेंदों में 66 रन, पांच चौकों और छह छक्के), नीतीश कुमार रेड्डी (25 गेंदों में 37 रन, एक चौका और तीन छक्का), और हेनरिक क्लासेन (26 गेंदों में 42 रन, तीन चौके और दो छक्के) ने आतिशी पारी खेलकर 19.1 ओवर में 6 विकेट पर 215 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। अभिषेक शर्मा अपने तेज अर्धशतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच रहे। आठ जीत, पांच हार और एक मैच में बिना किसी नतीजे के 17 अंकों के साथ हैदराबाद अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है। पीबीकेएस पांच जीत, नौ हार और 10 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है।

### पीबीकेएस ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया

**मैच की बात करें तो पीबीकेएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रभसिमरन सिंह (45 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 71 रन) का जोरदार अर्धशतक और रिले रोसौव (24 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 49 रन) और अथर्व ताइदे (27 गेंदों में 46 रन, पांच चौके और दो छक्के) की आतिशी पारियों की बदौलत पंजाब ने अपने 20 ओवरों में 5 विकेट पर 214 रन का स्कोर खड़ा किया।**

### विशेषज्ञ कोच के रूप में पापुआ न्यू गिनी से जुड़े वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर फिल सिमंस

**बोरोको।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर और अनुभवी अंतरराष्ट्रीय कोच फिल सिमंस आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले विशेषज्ञ कोच के रूप में पापुआ न्यू गिनी कोचिंग सेटअप में शामिल हो गए हैं। टी-20 विश्व कप कैरेबियन और यूएसए में 1 जून से शुरू हो रहा है। सिमंस, जिन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 160 से अधिक मैच खेले हैं, एक कोच के रूप में 2016 में भारत में वेस्टइंडीज को उनके दूसरे टी20 विश्व कप खिताब दिलाने के लिए जाने जाते हैं। वह 2004 और 2005 तक जिम्बाब्वे की पुरुष टीम के प्रभारी थे और हाल ही में उन्हें आयरलैंड और अफगानिस्तान का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा, सिमंस 2022 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज के मुख्य कोच थे। सिमंस ने कहा, ₹यहां मेरी भूमिका एक सलाहकार कोच के रूप में है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक खिलाड़ी के रूप में, चौदह वर्षों तक और फिर एक अंतरराष्ट्रीय कोच के रूप में अठारह वर्षों तक, इस खेल में एक लंबा समय रहा है। घर आना हमेशा शानदार होता है, वेस्ट इंडीज के किसी भी हिस्से में वापस आना हमेशा शानदार होता है। मैं घर जाने का इंतजार कर रहा हूं, घर जो त्रिनिदाद है। घर वापस आना, यह एक अच्छी और हमेशा आगे देखने वाली बात होती है।

## दीप्ति ने 400 मीटर टी20 वर्ग में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

- इक्वाडोर की अंगुलो 56.68 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं
- निसाद ने 1.99 मीटर के प्रभावशाली सीजन-सर्वश्रेष्ठ अंक के साथ रजत पदक जीता

**कोबे। एजेंसी**

भारतीय पैरा एथलीट 20 वर्षीय दीप्ति जीवनजी ने सोमवार को यहां महिलाओं की 400 मीटर टी20 वर्ग में विश्व रिकॉर्ड के साथ विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने 55.07 सेकंड का समय लेकर अमेरिकी ब्रीना क्लार्क के 55.12 सेकंड के पहले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ब्रीनाने पिछले साल पेरिस में चैंपियनशिप के संस्करण के दौरान यह रिकॉर्ड बनाया था। टी20 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जो बौद्धिक रूप से कमजोर हैं। तुर्की की आयसेल ओन्डर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और इक्वाडोर की लिजानशेला अंगुलो 56.68 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

इससे पहले, दीप्ति ने रविवार को 56.18 सेकेंड के समय के साथ नया एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था और पेरिस 2024 पैरालिंपिक कोटा हासिल किया था। रविवार को, योगेश कथुनिया ने पुरुषों के डिस्कस थ्रो F56 फाइनल में सीजन के सर्वश्रेष्ठ 41.80 अंक के साथ रजत पदक जीता। तीसरे दिन, प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर टी35 फाइनल में कांस्य पदक जीता, जबकि निसाद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 में 1.99 मीटर के प्रभावशाली सीजन-सर्वश्रेष्ठ अंक के साथ रजत पदक जीता। प्रतियोगिता में भारत ने अब तक चार पदक (1 स्वर्ण, 2 रजत और एक कांस्य) जीते हैं।

## एथलेटिक्स जेरूसलम ग्रैंड स्लैम में रोमानिया ने जीते 3 स्वर्ण पदक

**जेरूसलम। एजेंसी**

रोमानिया ने रविवार को गिवत राम स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक्स जेरूसलम ग्रैंड स्लैम में तीन स्वर्ण पदक जीते। इस प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में रोमानिया की मारिया मिहालचे 11.64 सेकंड के समय के साथ पहले स्थान पर रहीं, वह दूसरे स्थान पर रहीं इजराइल की अलीना डुटमैन से केवल दो-सौवें सेकंड से आगे रहीं। रोमानिया ने महिलाओं की ट्रिपल जंप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया, डायना आयन ने 14.07 मीटर की छलांग लगाकर लिथुआनिया की डोविल किल्टी से सिर्फ एक सेंटीमीटर आगे रहकर स्वर्ण पदक जीता। रोमानिया का तीसरा स्वर्ण महिलाओं की 2,000 मीटर स्टीपलचेज में आया, जिसमें स्टेला रुट्टो 6:14.76 मिनट के साथ पहले स्थान पर रहीं। पुरुषों की स्पर्द्धाओं अमें अन्य स्वर्ण पदक विजेताओं में, स्पेन के डैनियल सिस्नेरोस (110 मीटर बाधा दौड़ में 13.63 सेकंड के समय के साथ), हंगरी के बालाज्स विन्डिक्स (800 मीटर दौड़ में 1:48.75 मिनट के साथ), साइप्रस के अपोस्टोलोस पारेलिस (डिस्कस थ्रो में 62.11 मीटर) और लंबी कूद में सर्बिया की स्ट्राहिंजा जोवांसेविक (7.87 मीटर की छलांग के साथ) रहे। महिलाओं में, पॉलीन लेट ने 100 मीटर बाधा दौड़ में 13.07 सेकंड के समय के साथ फ्रांस के लिए स्वर्ण पदक जीता, ग्रीस की ग्नफाकी दिमित्रा ने 400 मीटर बाधा दौड़ में 57.91 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, चेक एथलीट निकोल ने भाला फेंक स्पर्धा में 58.15 मीटर की दूरी के साथ, और इटली की स्टेफानिया स्ट्रुमिलो ने डिस्कस थ्रो में 56.52 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### अफ्रीफा ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता

**यूरोपीय अंडर-23 चैंपियन, इजराइल के ब्लेसिंग अफ्रीफा ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में 20.47 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके हमवतन योनाथन कपिटोलनिक ने 2.15 मीटर की दूरी तय करके ऊंची कूद प्रतियोगिता जीती। पुर्तगाल के कार्लोस नैसिमेंटो ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ 10.30 सेकंड में जीती, वे डच धावक तैमिर बर्नेट से आगे रहे, जिन्होंने 10.41 सेकंड में दौड़ पूरी की। तीसरे स्थान पर रहे लातविया के रॉबर्ट्स जेनिस जालिटिस ने 10.48 सेकंड में दौड़ पूरी की।**

### इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग का 5वां संस्करण 31 से

**मंगलूरु। भारत में सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडलिंग के शासी निकाय, सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने सोमवार को इंडियन ओपन सर्फिंग (आईओएस) के पांचवें संस्करण की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त, भारत की यह प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता 31 मई से 2 जून, 2024 तक कर्नाटक के मंगलूरु में ससिहिथलू समुद्र तट पर मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा आयोजित की जाएगी। तीन दिवसीय सर्फिंग प्रतियोगिता में भारत के टॉप रैंक सर्फ़र प्रतिस्पर्धा करते दिखाई देंगे। कर्नाटक सरकार ने लगातार पांचवीं बार इस आयोजन को अपना समर्थन दिया है। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों पुरुष ओपन, महिला ओपन और ग्रोम्स (अंडर-16) बॉयज एवम् ग्रोम्स (अंडर-16) गर्ल्स, में आयोजित होगी। मार्च में वर्कला के खूबसूरत चट्टानीय समुद्र तट पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग महोत्सव केरल 2024 के बाद, इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग 2024 कैलेंडर वर्ष की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप श्रृंखला का दूसरा पड़ाव होगा। आईओएस में पूर्वी और पश्चिमी तटों के सर्फ़रों के बीच तीव्र प्रतिद्वंद्विता होगी क्योंकि इन चैंपियनशिप में महत्वपूर्ण अर्जित किए जाने वाले रैंकिंग अंक होंगे जो सीजन के अंत में सर्फ़रों की रैंकिंग निर्धारित करेंगे।**

## द. अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में वेस्टइंडीज का नेतृत्व करेंगे ब्रैंडन किंग

**एंटीगुआ। एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में कप्तान रोवमैन पॉवेल की अनुपस्थिति में ब्रैंडन किंग वेस्टइंडीज का नेतृत्व करेंगे। पॉवेल चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और वह टीम के साथ बने रहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के मैच 23, 25 और 26 मई को खेले जाएंगे। पॉवेल उन खिलाड़ियों के समूह में से एक हैं जो या तो अभी भी आईपीएल में खेल रहे हैं या जिन्हें टूर्नामेंट के बाद आराम दिया गया है। आंद्रे रसेल शिमरोन हेटमायर (राजस्थान रॉयल्स), अल्जारी जोसेफ (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और शेरफेन रदरफोर्ड (कोलकाता नाइट राइडर्स) आईपीएल प्लऑफ में शामिल टीमों के साथ हैं, जबकि निकोलस पूरन और शाई होप, जिन्होंने क्रमशः लखनऊ सुपर जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेला था, को विश्राम दिया गया है। यदि जोसेफ और रदरफोर्ड की टीमें आईपीएल फाइनल में नहीं पहुंचती हैं तो उन्हें टी20 टीम में शामिल किया जाएगा। मैथ्यू फोर्ड और काइल मेयर्स, उन खिलाड़ियों में से हैं जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में भाग लेंगे। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने एक बयान में कहा ये विश्व कप की शुरूआत से पहले आखिरी प्रतिस्पर्धी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से हैं। खिलाड़ियों के पास अपने कौशल को निखारने और यह सुनिश्चित करने का अवसर है कि वे विश्व कप के लिए यथासंभव तैयार हैं, चाहे वे अंतिम टीम में हों या रिजर्व पूल में। मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा, ₹हमने ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के बाद से एक टीम के रूप में एक साथ नहीं खेला है।

## वाणिज्य

## अमेरिका में भारत से 100 गुना ज्यादा एयरपोर्ट

**नई दिल्ली। एजेंसी**

पिछले दस साल में देश में एयरपोर्ट्स की संख्या लगभग दोगुना हो चुकी है। लेकिन भारत की एविएशन इंडस्ट्री को अभी लंबा रास्ता तय करना है। यदि भारत की तुलना अमेरिका से की जाए तो अमेरिका में 14,000 से अधिक एयरपोर्ट्स हैं जबकि भारत में यह संख्या अभी करीब 150 है। यह स्थिति भी तब है जब सरकार ने दिश में एयर ट्रैवल का इन्फास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए पूरा जोर लगा रखा है। भारत की आबादी 1.4 अरब है और हमारे पास 500 विमान हैं। दूसरी ओर अमेरिका की आबादी करीब 33 करोड़ है। अमेरिका की एक एयरलाइन साउथवेस्थ एयरलाइन के पास 1000 से अधिक विमान हैं जबकि यह अमेरिका की सबसे बड़ी एयरलाइन नहीं है। अगर हमें अमेरिका की एक एयरलाइन के साथ मुकाबला करना है तो विमानों की संख्या दोगुना करनी होगी। भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो है। यह रोजाना 1,800 से अधिक उड़ाने संचालित करती है।

देश के घरेलू बाजार में इसकी 58 फीसदी हिस्सेदारी है। लेकिन दुनिया में रोजाना उड़ान संख्या के हिसाब से देखें तो इंडिगो आठवें नंबर पर है। दुनिया की सबसे बिजी एयरलाइंस में से चार अमेरिका की हैं। टॉप 10 की बात करें तो इसमें चीन की तीन एयरलाइन कंपनियां शामिल हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर अमेरिकन एयरलाइन है जो रोजाना 5,483 उड़ानें संचालित करती है। दूसरे नंबर पर अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस है। यह कंपनी रोजाना 4,629 उड़ानें संचालित करती है। तीसरे नंबर पर अमेरिका की ही यूनाइटेड एयरलाइंस रोजाना 4,213 ऑपरेट करती है। अमेरिका की साउथवेस्ट एयरलाइंस रोजाना 4,080 उड़ानें संचा?लित करती हैं जो इंडिगो से करीब ढाई गुना ज्यादा है।

## कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली। एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 85 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.23 डॉलर यानी 0.27 फीसदी की उछाल के साथ 84.21 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.10 डॉलर यानी 0.12 फीसदी बढ़कर 80.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## लोस चुनाव के मद्देनजर बंद रहा शेयर बाजार, अब मंगलवार को होगा कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

- शेयर बाजार में अगला ट्रेडिंग हॉलिडे 17 जून बकरीद के दिन है

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 18वीं लोकसभा के लिए सोमवार को मतदान के मद्देनजर सार्वजनिक अवकाश होने से शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहा। शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के मार्किट हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक सोमवार को मुंबई में लोकसभा चुनाव के चलते शेयर बाजार बंद रहा, जिसकी वजह से कोई ट्रेडिंग नहीं हुई। लोकसभा चुनाव के चलते इक्विटी के अलावा एसएलबी और डेरिवेटिव सेगमेंट में भी कारोबार बंद रहा। हालांकि, मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) शाम के सत्र में (पांच बजे से रात 11.30 बजे) तक खुलेगा। बीएसई और एनएसई के मुताबिक शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार सामान्य समय के मुताबिक होगा।

शेयर बाजार में अगला ट्रेडिंग हॉलिडे 17 जून बकरीद के दिन है। शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन की वजह से शेयर बाजार खुला था। इस कारोबार के दौरान दोनों प्रमुख सूचकांक में तेजी रही। सेंसेक्स 88 अंक यानी 0.12 फीसदी बढ़कर 74,005 अंक पर और निफ्टी 35 अंक यानी 0.16 फीसदी बढ़कर 22,502 अंक पर बंद हुआ था।

## विश्व बेकिंग दिवस पर पेंटिंग में आज़माए हाथ

# पेंसिल से कुछ ही घंटों में चेहरे गढने में माहिर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संदीप वर्मा

**जयपुर।**

विश्व बेकिंग दिवस के अवसर पर वी केयर और आईटीसी राजपूताना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी व वर्तमान में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत संदीप वर्मा ने भी पेंटिंग में हाथ आज़माए ,पैंसिल से तस्वीरें बनाने के शौकीन संदीप वर्मा अपने पसंदीदा लोगों, सेलिब्रिटीज और दोस्तों की खास मौकों पर सादा कागज पर एकाध घंटे में ही मुंह बोलते चेहरे उकेर देते हैं। पैंसिल स्केच बनाने के अपने शौक को उन्होंने 2018 में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ क्राफ्ट एंड डिजाइन के प्रो. शुवाकंर से गुर सीख कर धार दी। जवाहर कला केन्द्र में करीब एक साल पूर्व उनकी बनाई कई तस्वीरों की प्रदर्शनी भी लग चुकी है। आईएएस संदीप वर्मा दिल्ली आईआईटी से इंजीनियरिंग में पीजी, वांशिगठन यूनिवर्सिटी लॉ स्कूल से एलएलएम, लंदन स्कूल ऑफ इकॉनोमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से स्ट्रेटेजिक लीडरशिप एंड पब्लिक पॉलिसी में प्रशिक्षित हैं,संदीप वर्मा ने 1993 में इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस जॉइन की थी।



अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होटल आईटीसी राजपूताना में संदीप वर्मा द्वारा चित्रित पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई,अपनी पेंटिंग्स में वर्मा ने फ़िल्म, उद्योग, कला और प्रशासन में सफलता हासिल करने वाली महिलाओं के साथ साथ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के चित्रों को भी कैनवास पर उकेरा। प्रदर्शनी का उद्देश्य रेखाचित्रों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की झलक प्रदर्शित करना था!

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मिला "सर्वश्रेष्ठ पेपर" का पुरस्कार

» राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के सीएमडी पद पर रहते हुय संदीप वर्मा को भारत सरकार के वित्त विभाग के सहयोग से अरुण जेटली नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फ़ाइनेंशियल मैनेजमेंट द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ पेपर' सार्वजनिक खरीद और आपूर्ति श्रंखला 2022 में डाटा एनालिटिक्स अवार्ड के लिए 10-11 जून को नई दिल्ली में आयोजित अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन चुना गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिगुण पावन बुद्ध पूर्णिमा की तैयारियों के संदर्भ में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**चमकता राजस्थान धौलपुर ( रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड के अंबेडकर पार्क बाड़ी में धम्म भूमि टीम और अंबेडकर शोभायात्रा समिति बाडी के संयुक्त तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया!जिसमें दिनांक 23 मई 2024 को दुनिया के प्रथम महा वैज्ञानिक, करुणा के सागर, न्याय और शांति के मार्गदाता तथागत बुद्ध के(जन्म, ज्ञान प्राप्ति, महापरिनिर्वाण) पर 2587 वीं जयन्ती महोत्सव त्रिगुण पावन पूर्णिमा (बैसाख पूर्णिमा) उपलक्ष्य में सांय 7 बजे बाबा साहब की प्रतिमा पर मोमबत्ती प्रजुल्लित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। पावन पर्व को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने पर विस्तृत चर्चा की गई! सभा अध्यक्ष बदन सिंह बौद्ध ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. प्रियानंद आगले महाराष्ट्र से विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे! उनके विचारों से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो। जिनके लिए हम सभी अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करेंगे! विशेष पर्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय जाटव विधायक बसेड़ी रहेंगे। कार्यक्रम का मंगलारम्भ प्रातः 8:00 बजे डॉ. बी आर अम्बेडकर पार्क हवेली पाड़ा बाड़ी से बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया जायेगा । समस्त जनसमूह तथागत बुद्ध की प्रतिमा के साथ अम्बेडकर भवन लालजीत कालौनी सरमथुरा रोड़ बाड़ी तक पहुंचेंगे! जहां मुख्य अतिथि एवं डॉ. आगले के द्वारा देशना एवं समाज में प्रेरणा और समाज की दिशा व दशा पर चर्चा करते हुए सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक उत्थान पर चर्चा की जायेगी।

#### ● ये गणमान्य रहे मौजूद

» इस कार्यक्रम के मौके पर बैठक में बदन सिंह बौद्ध,मौहर सिंह बौद्ध, मुख्तयार सिंह, मांगीलाल बौद्ध, मानसिंह बौद्ध, रविन्द्र कोमल, राजेश, पप्पू रामस्वरूप टेलर, योगेश पालीवाल, श्रीराम शाक्य, राहुल इत्यादि उपस्थित रहे।

### हिमानी फौजदार ने 12वीं कला वर्ग में 93.8 प्रतिशत अंक किये प्राप्त

**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** भरतपुर के नगला नंदराम में रहने वाली हिमानी फौजदार ने राजस्थान बोर्ड 12वीं कला वर्ग में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एव अपने परिवार का नाम रोशन किया । पत्रकार राकेश सिंह फौजदार की पुत्री हिमानी फौजदार शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है । हिमानी की बडी बहिन शिवानी फौजदार भरतपुर में ही अपनी प्रशाशनिक परीक्षा की तैयारी कर रही है । शिवानी फौजदार का कहना है कि वह नियमित रूप से आठ घंटे पढ़ाई करती थी तथा मोबाइल से दूरी बनाकर रखती है । उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा गोविंद सिंह फौजदार सहित दादी उर्मिला देवी, पिता राकेश सिह फौजदार, मां अनीता सिंह, मांसी मां राजकुमारी, चाची जौली एवं अपने चाचा रोहिताश और होरीलाल सहित अपने गुरुजनों को दिया है । वह आध्यत्म से भी जुड़ी हुई है और कभी भी उन्होंने ट्यूशन नही लिया है । उन्होंने हर विधार्थी को सफलता पाने के लिये नियमित अध्ययन करने और एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया ।

# हनुमानगढ में किसानों की जमीन नीलामी के बैंक नोटिस राज्य स्तरीय निर्णय नहीं, सीएम ने किया स्थगित: राजेंद्र राठौड़

**जयपुर, 20 मई 2024।**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के किसान कर्जमाफी वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि हनुमानगढ के रावतसर की जमीन नीलामी के नोटिस को लेकर गहलोत भाजपा पर तथ्यहीन और बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि किसानों की जमीन नीलामी कांग्रेस सरकार के राज में होती थी, अब प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार है जो संकल्प पत्र के सभी संकल्पों को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। भाजपा की सरकार ने महज छह माह के दौरान 45 फीसदी संकल्पों को पूरा करने का काम किया है।

सशक्त भाजपा
सशक्त भारत

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि हनुमानगढ के 20 किसानों द्वारा ऋण जमा नहीं कराने पर भूमि विकास बैंक की ओर से नीलामी नोटिस जारी किया गया, इस नोटिस की कार्रवाई राज्य स्तरीय नहीं थी लेकिन सरकार के संज्ञान में आते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रशासनिक आदेश जारी कर नीलामी के बैंक आदेशों को पूर्णतया स्थगित करने का आदेश दिया। पूर्व सीएम गहलोत स्वयं की पीठ थपथपाते हुए कहते है कि किसानों की 5 एकड़ कृषि भूमि की नीलामी रोकने के लिए उनकी सरकार ने नवंबर 2020 में विधानसभा में बिल पारित करवाया था जबकि संविधान के अनुच्छेद 246 (2) में स्पष्ट प्रावधान है कि राज्य के विधानमंडल को समवर्ती सूची में वर्णित विषयों के संबंध में कानून बनाने का अधिकार नहीं है। वहीं अनुच्छेद 254 (2) में भी प्रावधान है कि केंद्र द्वारा बनाए गए कानून राज्य के कानूनों पर प्रभावी रहेंगे।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि तत्कालीन गहलोत सरकार ने सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 की धारा 60(1)(बी) में संशोधन कर किसानों की 5 एकड़ तक की भूमि को कुर्की से मुक्त करने का प्रावधान कर दिया। जबकि उक्त प्रावधान प्रदेश के किसानों के लिए उपयोगी साबित नहीं हो पाया, क्योंकि कांग्रेस सरकार ने कृषि ऋण संक्रिया अधिनियम 1974 (रोडा एक्ट 1947) में संसोधन नहीं किया, जबकि रोडा एक्ट की धारा 13 में स्पष्ट प्रावधान है कि बैंक ऋणी किसानों से ऋण वसूल कर सकता है। यदि कांग्रेस सरकार की किसानों का भला करने की मंशा होती तो वह रोडा एक्ट में संसोधन लाती लेकिन उसने केवल दिखावा किया।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने किसानों के साथ जो धोखा किया वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के युवराज ने जनता से 1 से 10 तक गिनती गिनकर संपूर्ण कर्ज माफी का वादा किया था। सरकार बनने के बाद प्रदेश के 66 लाख किसानों का 99, हजार 996 करोड़ का कर्ज माफ होना था लेकिन कांग्रेस सरकार ने संपूर्ण कर्जमाफी के नाम पर किसानों के साथ धोखा किया। वहीं कर्ज माफी के नाम पर गहलोत सरकार ने पिछली वसुंधरा सरकार के समय 6 हजार करोड़ की कर्ज माफी को खुद के नाम से बताकर वाह वाही लूटने का काम किया। कांग्रेस सरकार के राज में जनवरी 2019 से जनवरी 2022 के दौरान 22,215 किसानों की जमीन नीलाम करने के आदेश जारी किए गए, जिसमें से 18,817 किसानों को नोटिस देकर उनकी जमीन नीलाम कर दी। यह कांग्रेस सरकार की हकीकत है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 67 लाख किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि के 19 हजार करोड़ से ज्यादा रूपए डालने का काम किया है। केंद्र की मोदी सरकार ने कृषि बजट को 24 हजार करोड़ से बढ़ाकर 1 लाख करोड़ से भी अधिक करने का काम किया है। किसानों की जमीन नीलाम ना हो इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्तर पर संज्ञान लिया गया है और इस संबंध में किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मई-जून माह में बिजली की खपत ज्यादा होती है इस लिए मांग और आपूर्ति में एक गैप होता है। प्रदेश की भजनलाल सरकार ने विद्युत के मामले में आत्मनिर्भर बनने के लिए केंद्र की ऊर्जा कंपनियों के साथ 2 लाख 24 हजार करोड़ के एमओयू साइन किए है। इससे प्रदेश में 31 हजार 825 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। भाजपा सपने बुनने का काम नहीं करती, धरातल पर काम करती है। पूर्व सीएम गहलोत ने कहा था कि 23809 मेगावाट बिजली उत्पादन के साथ सर प्लस हो गए है जबकि गहलोत सरकार के समय प्रदेश में जो बिजली संकट गहराया उससे सब वाकिफ है।

## कोटड़ी कांड पर श्रेय लेने का प्रयास कर रहे गहलोत, तत्कालीन गहलोत सरकार के कार्यकाल के दौरान न्याय मांगने पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं के साथ हुई थी बर्बरता: अंकित चेची

**चमकता राजस्थान**

जयपुर, 20 मई 2024। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची ने भीलवाड़ा के कोटडी कांड में न्यायालय द्वारा दोषियों को फांसी की सजा सुनाने पर न्यायालय का धन्यवाद देते हुए फैसले को ऐतिहासिक बताया। चेची ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज न्यायालय के फैसले पर पूर्व सीएम गहलोत सोशल मीडिया के माध्यम से क्रेडिट लेने का प्रयास कर रहे हैं। गहलोत शायद यह भूल गए कि कोटडी कांड उनकी कांग्रेस सरकार के समय ही हुआ था इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सड़क से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक का घेराव किया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान गहलोत सरकार ने न्याय मांग रहे युवाओं पर लाठीचार्ज जैसी बर्बरता की, जिसके घाव अभी तक नहीं भरे। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को न्याय के बदले झूठे मुकदमों में फंसाया गया और उन्हे प्रताड़ित करने का काम किया गया।



भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने कहा कि पूर्व सीएम गहलोत ने जयपुर के सीरियल बम ब्लास्ट मामले में आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में लचर पैरवी की, जिसके चलते 72 नागरिकों की हत्या के गुनहगार कोर्ट से बरी हो गए। वहीं गहलोत आज कोटड़ी कांड के दोषियों के खिलाफ न्यायालय के फैसले पर क्रेडिट लेने का प्रयास कर रहे हैं। उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड को प्रदेश की जनता अभी तक नहीं भूली है, गहलोत सरकार ने तुष्टिकरण की नीति के चलते जयपुर में रोडरेज की घटना में मरने वाले समुदाय विशेष के युवा के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा दिया जबकि कन्हैयालाल सुरक्षा के लिए गुहार लगाता रहा लेकिन तत्कालीन गहलोत सरकार उसे सुरक्षा नहीं दे पाई। ऐसे में गहलोत न्यायालय के फैसले पर अपना श्रेय लेने के लिए किस मुंह से आगे आ रहे है ?

### हज यात्रा की तैयारियाँ पूरी

**अत्रि कुमार दाधीच/जयपुर 20 मई।** प्रदेश से हज यात्रा में जाने वाले यात्रियों की के लिए राज्य सरकार ने पूरी तैयारी कर ली,हज यात्रा का पहला जत्था मंगलवार को दोपहर हज यात्रा के लिए रवाना होगा।राजस्थान स्टेट हज कमेटी मेंबर व जयपुर प्रभारी अब्दुल हकीम खान ने बताया हज 2024 के मुकद्दस सफर पर जाने वाले 433 हाजियों की पहली फ्लाइट मंगलवार 21 मई दोपहर 1.30 पर जयपुर एयरपोर्ट से मदीना शरीफ़ के लिए उड़ान भरेंगी हज यात्रा के पहले जत्थे में जयपुर शहर के 169 हाजी,सीकर जिले के 68 ,अजमेर जिले के 115 जिसमें सबसे छोटा हाजी 1 वर्ष मोहम्मद साद अपने माता-पिता के साथ जा रहा है वो नसीराबाद ज़िला अजमेर का रहने वाला है !

पहली फ्लाइट के हाजियों को पासपोर्ट टिकट हज हाउस कर्बला में दिए गए,राजस्थान स्टेट हज कमेटी चैयरमेन अमीन कागज़ी ,राजस्थान स्टेट हज कमेटी मेंबर व जयपुर प्रभारी अब्दुल हकीम खान ?अधिशासी अधिकारी राजस्थान स्टेट हज कमेटी महमूद खान मौजूद रहे।

### कार्मिक विभाग की समीक्षा बैठक

## लंबित तथा प्रक्रियाधीन भर्तियों को शीघ्र पूरा करें: सुधांश पंत

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर, 20 मई।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव श्री हेमंत कुमार गेरा के साथ विभिन्न विभागों में लंबित तथा प्रक्रियाधीन भर्तियों को लेकर समीक्षा बैठक की।

मुख्य सचिव सोमवार को शासन सचिवालय में कार्मिक विभाग की बैठक ले रहे थे इस दौरान उन्होंने विभागवार लंबित, प्रक्रियाधीन और न्यायालय में वाद लंबित भर्तियों की स्थिति जानी और निर्देश दिए कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड साथ ही स्वायत शासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के साथ विभिन्न विभागों में लंबित भर्तियों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। श्री पंत ने आरपीएससी और आरएसएमएसएसबी को और अधिक सशक्त करने के भी निर्देश दिए।

SHRI HEMANT KUMAR GERA

स्वास्थ्य विभाग में भर्तियों की समस्या को लेकर श्री पंत ने विभाग को हिदायत देते हुए कहा कि जल्द कारगर कार्यवाई करें और लंबित भर्ती प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूर्ण करें।

इसी प्रकार शिक्षा विभाग में लंबित वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता और शारीरिक शिक्षक भर्तियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक के दौरान राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव श्री राम निवास मेहता, शिक्षा विभाग के सचिव श्री कृष्ण कुणाल, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929